



# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 125

ग्वालियर, शुक्रवार, 25 जून, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## नैनो न्यूज

### सांसद सिंधिया ने रमेश पोखरियाल को लिखा पत्र



सांसद श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल जी को पत्र लिखकर ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने का अनुरोध किया! जीवाजी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने से इसके परिक्षेत्र में आने वाले 8-जिलों को ना सिर्फ लाभ होगा बल्कि इससे पूरे प्रदेश के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, नई शिक्षा नीति के अनुसार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल परिक्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, उद्योगिक विकास को बल मिलेगा तथा छात्रों के लिए रोजगार के अत्यधिक अवसर प्राप्त हो सकेंगे।

### छह घंटे बिजली, माझा किसान संघर्ष एकता यूनियन ने किया प्रदर्शन

**कादियां (ए)।** माझा किसान संघर्ष एकता यूनियन के प्रधान बलविदर सिंह राजू की अध्यक्षता में किसानों ने छह घंटे बिजली देने के विरोध में एक्सईएन कादियां के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान बलविदर सिंह राजू ने कहा कि भीषण गर्मी का दौर है,इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्र में केवल छह घंटे बिजली दी जा रही है, जिसका कोई समय नहीं है। इससे किसानों की धान की फसल प्रभावित हो रही है। किसानों को बिना कोई कट लगाए 12 घंटे बिजली की सप्लाई दी जाए ताकि वह अपनी फसल की बिजाई समय पर कर सकें। उन्होंने कहा कि सरकार ने आठ घंटे बिजली देने के आदेश दिए थे, मगर विभाग के अफसर यह कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं कि हमें जो संदेश पटियाला से आता है उसके अनुसार बिजली सप्लाई दी जाती है। यदि पंजाब सरकार दोहरा मापदंड अपनाएगी,तब संघर्ष कर विभाग के ऑफिस का घेराव होगा।

### डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ ट्रक और टैंकर संचालकों की हड़ताल

**बठिंडा (ए)।** डीजल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ बठिंडा में ट्रक और टैंकर संचालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल का असर आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई पर पड़ सकता है। बठिंडा में तेल कंपनियों के तीन डिपो हैं, जहां से हर रोज 200 के करीब तेल के टैंकर निकलते हैं। हड़ताल के कारण अब इनकी सप्लाई बंद हो गई है। पेट्रोल पंपों पर भी मात्र दो दिनों का स्टॉक रह गया है। अगर हालत नहीं सुधरे तब आने वाले दिनों में लोगों को तेल की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। दूसरी तरफ तेल डिपो के अधिकारियों ने तेल की सप्लाई को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन से भी सहयोग मांगा गया है। बठिंडा में तीन मुख्य तेल कंपनियों- भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम व इंडियन ऑयल के तेल डिपुओं के अलावा गैस प्लांट भी हैं। इनके द्वारा बठिंडा के साथ-साथ आसपास के एरिया में भी तेल की सप्लाई की जाती है।

### क्रॉम्पटन ग्रीव्स से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रही सीबीआई

**नई दिल्ली (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि वह बैंक धोखाधड़ी के मामले में दिल्ली और मुंबई में क्रॉम्पटन ग्रीव्स से जुड़े परिसरों की तलाशी ले रहा है। जांच से जुड़े अधिकारी ने बताया, एजेंसी के अधिकारी बैंक की शिकायत के आधार पर मुंबई और दिल्ली में क्रॉम्पटन ग्रीव्स के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।÷ अधिकारी ने इससे संबंधित और जानकारी साझा नहीं की। 9 जून को सीबीआई ने अवंता ग्रुप के प्रमोटर गौतम थापर, ओएस्टर बिल्डवेल और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर 466 करोड़ रुपये के फंड की हेराफेरी का केस दर्ज किया था।

# मध्यप्रदेश में कोराना के विरूद्ध जंग में हर नागरिक बना योद्धा: मुख्यमंत्री श्री चौहान

### जन-भागीदारी से मध्यप्रदेश ने बनाया राष्ट्रीय रिकार्ड



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के विरूद्ध जंग में प्रदेश के हर नागरिक ने जागरूक होकर योद्धा की भूमिका निभाई है। प्रदेश की जनता के सहयोग और जन-भागीदारी से न केवल हम कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के प्रकोप को न्यूनतम पर ला सके बल्कि कोरोना से सुरक्षा के लिये चलाये गये वैक्सीनेशन महाअभियान में हमने वर्ल्ड रिकार्ड बना कर राष्ट्रीय स्तर पर जागरूक प्रदेश के रूप में पहचान बनाई है। मध्यप्रदेश को मिली यह उपलब्धि प्रदेश के हर नागरिक के लिये गौरव का विषय है। ख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज पूरे देश में मध्यप्रदेश का जन-भागीदारी मॉडल कौतूहल का विषय बना हुआ है। लोगों को यह आश्चर्य हो रहा है कि आखिर मध्यप्रदेश में ऐसा क्या हुआ, जिसने समय रहते कोरोना नियंत्रण पर काबू पा लिया और वैक्सीनेशन के महाअभियान में सर्वाधिक उपलब्धि हासिल की। इसका श्रेय मेरे प्रदेश की जनता को जाता है, जिन्होंने एकजुटता का परिचय देकर अपनी जिम्मेदारी को समझा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि धन्य है प्रदेश का हर नागरिक जिसने सरकार के साथ मिलकर मानवीय कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई।

### कोरोना संक्रमण से सुरक्षा की ढाल बनी वैक्सीन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव एवं उपचार के लिये प्रदेश में युद्ध स्तर पर कार्य किये गये। स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार की सुविधाओं के विस्तार के साथ कोविड केयर सेंटर्स, आवश्यक दवाओं, इंजेक्शन और ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इन व्यवस्थाओं के चलते हमने समय रहते कोरोना संक्रमण को काफी हद तक कंट्रोल भी कर लिया। इसी के साथ भविष्य में कोरोना संक्रमण से लोग प्रभावित न हो, इसके लिये वैक्सीनेशन डाइव चलाई गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पिछली 21 जून को टीकाकरण महाअभियान चलाने के लिये पूरे प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तैयार किया गया। इसमें जन-भागीदारी भी सुनिश्चित की गई। सभी के प्रयासों का यह फल रहा कि मध्यप्रदेश टीकाकरण के मामले में पहले और दूसरे दिन कोरोना वैक्सीन लगाने में पूरे देश में अव्वल रहा।

### जारी रहेगी रफ्तार

टीकाकरण महाअभियान में मिली सफलता के लिये मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसे जन-भागीदारी का अनूठा उदाहरण बताया है। जन-भागीदारी से ही प्रदेश में मात्र एक दिन में करीब 17 लाख लोगों को कोरोना से सुरक्षा कवच दिया जा सका। महाअभियान के दूसरे दिन भी प्रदेश में 11 लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाकर मध्यप्रदेश पूरे प्रदेश में अग्रणी रहा।

## माल्या, चोकसी और नीरव मोदी की 9,371 करोड़ की संपत्ति बैंकों को हुई ट्रांसफर

**नई दिल्ली (ए)।** देश में बैंक घोटालों के मामले में सरकार के एक्शन का असर अब दिखने लगा है। बैंक धोखाधड़ी के आरोपी विजय माल्या, मेहुल चोकसी और नीरव मोदी की 9,371 करोड़ रुपये की संपत्ति सरकारी बैंकों को ट्रांसफर कर दी गई है। तीनों भगोड़ा आरोपियों की संपत्ति से उनकी धोखाधड़ी के चलते हुए नुकसान की भरपाई की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय ने ट्वीट कर कहा कि पीएमएलए के तहत विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी के मामले में 18,170.02 करोड़ रुपये (बैंकों को हुए कुल नुकसान का 80.45 फीसदी) की संपत्ति जब्त की गई है। साथ ही 9371.17 करोड़ रुपये की कुर्की / जब्त संपत्ति का एक हिस्सा भी सरकारी बैंकों और केंद्र सरकार को ट्रांसफर कर दिया है। ईडी ने कहा कि विजय माल्या और पीएनबी बैंक धोखाधड़ी मामलों में बैंकों की 40 फीसदी राशि पीएमएलए के तहत जब्त किए शेयरों की बिक्री के जरिये

# हमें लोकल खिलौनों के लिए वोकल होने की जरूरत है: पीएम मोदी



**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टॉय-केथॉन-2021 के प्रतिभागियों से बातचीत की। मंत्री पीयूष गोयल और संजय धोत्रे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले5-6 वर्षों में देश के युवा हैकथॉन के विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से देश की प्रमुख चुनौतियों से जुड़े हैं। इसके पीछे देश की क्षमताओं को संगठित करने और उन्हें माध्यम प्रदान करने की सोच है। प्रधानमंत्री ने खिलौनों को बच्चों का पहला दोस्त होने के महत्व के अतिरिक्त खिलौना तथा गेमिंग के आर्थिक पहलुओं पर बल दिया और इसे 'ट्वायकोनॉमी' की संज्ञा दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व का खिलौना बाजार लगभग 100 बिलियन डॉलर का है और इस बाजार में भारत की हिस्सेदारी केवल 1.5 प्रतिशत है। भारत 80 प्रतिशत अपने खिलौनों का आयात करता है। इसका अर्थ यह हुआ कि करोड़ों रुपए देश से बाहर बहाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इसे बदलना होगा। मोदी ने खिलौना क्षेत्र में संख्या से अधिक समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए प्रगति और विकास लाने की क्षमता है। खिलौना क्षेत्र का अपना लघु उद्योग है। कारीगर गांव, दलित, गरीब और जनजातीय आबादी से आते हैं। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को इंगित किया। इन वर्गों तक लाभों को ले जाने के लिए हमें लोकल(स्थानीय) खिलौनों के लिए वोकल होने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने वैश्विक स्तर पर भारतीय खिलौनों को स्पर्धी बनाने के लिए नवाचार और वित्त पोषण के नए मॉडल का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नए विचार इनक्यूबेट करने, नए स्टार्ट-अप प्रोत्साहित करने, परंपरागत खिलौना बनाने वालों तक नई टेक्नोलॉजी को ले जाने और नई बाजार मांग बनाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि टॉय-केथॉन जैसे आयोजनों के पीछे यही प्रेरणा है। प्रधानमंत्री ने सस्ते डाटा तथा इंटरनेट की ग्रामीण कनेक्टिविटी की चर्चा की और भारत में वर्चुअल, डिजिटल और ऑनलाइन गेमिंग में संभावनाएं तलाशने का आह्वान किया।

# देश की सुरक्षा और आस्था के खिलाफ साजिश करने वालों से सख्ती से निपटें - योगी आदित्यनाथ



**नोएडा (ए)।** यूपी के नोएडा में धर्मांतरण का खुलासा होने के बाद प्रदेश सरकार ने सख्त रुख अपना लिया है। धर्मांतरण गिरोह के आतंकी संगठनों से जुड़े होने के प्रमाण मिलने के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने जांच एजेंसियों को इस केस की गहराई से जांच करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने एजेंसियों को दिए स्पष्ट निर्देश दिया है कि देश की सुरक्षा और आस्था के खिलाफ साजिश करने वालों से सख्ती से निपटें। बता दें कि सीएम योगी खुद धर्मांतरण प्रकरण की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। जांच एजेंसियों को पुख्ता प्रमाण मिले हैं कि इस केस का मास्टरमाइंड उमर गौतम देश के 24 राज्यों/ केंद्र शासित राज्यों में धर्मांतरण करा चुका। हिंदू ही नहीं ईसाई, जैन और सिख परिवारों के बच्चों का भी बड़ी संख्या में धर्मांतरण करा चुका है। जांच एजेसियों को नापाक विदेशी फंडिंग और टेरर फंडिंग के भी प्रमाण मिले हैं। धर्मातरित मूक बधिर बच्चों का जेहादी गतिविधियों में इस्तेमाल किए जाने की साजिश थी। मास्टरमाइंड उमर गौतम के निशाने पर खासतौर पर मूक बधिर बच्चे थे। इन बच्चों को अलग तकनीक से पढ़ाने के लिए धर्मांतरण गिरोह ने अपने टीचर प्लांट कर रखे थे। ये टीचर ही धर्मांतरण की बुनियाद रचते थे। बताया जा रहा है कि दिल्ली के बाटला हाउस को उमर गौतम ने अपनी गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनाया था। बीते सोमवार को नोएडा में धर्म परिवर्तन कराने के आरोपी में दो मौलानाओं को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। इन मौलानाओं के नाम मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी है। खास बात ये है कि उमर गौतम ने खुद लगभग 35 साल पहले 20 साल की उम्र में धर्मांतरण कर हिंदू धर्म छोड़ इस्लाम धर्म अपनाया था।

# अफगानिस्तान से ट्रैक्टर लेकर नहीं आए 25 लाख किसान सरकार में शर्म नहीं: राकेश टिकैत



**नई दिल्ली (ए)।** किसान आंदोलन का नेतृत्व करने वाले नेताओं में से एक राकेश टिकैत ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। टिकैत ने केंद्र सरकार पर किसानों से बातचीत न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह किसानों को अनसुना कर रही है और उसे ऐसा करते हुए शर्म भी नहीं आ रही है। राकेश टिकैत ने कहा, ये 4 लाख ट्रैक्टर और 25 लाख लोग यहां हैं। ये ट्रैक्टर इसी देश के हैं, अफगानिस्तान से नहीं आए हैं। हम पिछले 7 महीनों से शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे हैं। क्या सरकार को इतनी शर्म नहीं कि वह सुने किसानों को क्या कहना है। लोकतंत्र इस तरह काम नहीं करता है। इससे पहले किसान नेता राकेश टिकैत ने सोशल मीडिया के जरिए सरकार पर हमला बोलते हुए कहा था कि 4 लाख ट्रैक्टर भी यही हैं और 25 लाख किसान भी यहीं है। अपने ट्वीट के साथ टिकैत ने बिल वापसी ही घर वापसी हैशटैग इस्तेमाल किया। उन्होंने लिखा, चार लाख ट्रैक्टर भी यही हैं,दिल्ली के ढब को खड़े खड़े घे करें वे, वो 25 लाख किसान भी यही हैं। और 26 तारीख भी हर महीने आती है ये सरकार याद रख लें। किसान नेता राकेश टिकैत ने कुछ दिनों पहले कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से किसानों से जुड़े मामलों पर मुलाकात की थी।

# जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ रहा धर्मांतरण रैकेट का कनेक्शन

### पाकिस्तान में तैयार हुआ था मिशन, लेकिन नहीं हो पाया कामयाब

**नोएडा(ए)।** यूपी में धर्मांतरण के रैकेट के तार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ ही आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से भी जुड़ रहे हैं। पता चला है कि जैश ने अप्रैल में पाकिस्तान में एक खास मिशन तैयार किया था। इसका मकसद धार्मिक उन्माद फैलाना था। इसकी शुरुआत डासना मंदिर से ही होनी थी, लेकिन यह मिशन कामयाब नहीं हुआ और सुरक्षा एजेंसियों को इसकी जानकारी हो गई थी। इसके बाद कासिफ और विपुल विजयवर्गी अपनी पहचान बदल कर डासना मंदिर पर पहुंचे थे और वह भी पकड़े गए। विपुल और कासिफ सीधे तौर पर धर्मांतरण रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार हुए दोनों मौलानाओं से जुड़े हैं। इस लिहाज से यह माना जा रहा है कि इस धर्मांतरण रैकेट का कहीं न कहीं से जैश-ए- मोहम्मद से भी कनेक्शन है। धर्मांतरण रैकेट में पकड़े गए दोनों आरोपियों का एटीएस ने रिमांड लिया है। माना यह जा रहा है कि अब टीम आरोपियों को लेकर नोएडा आएगी। यहां डेफ सोसायटी बिल्डिंग या अन्य जगहों पर भी ले जाया जा सकता है। रिमांड पर चल रहे दोनों आरोपियों से एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद और आईएसआई की गतिविधियों को लेकर कई सवाल किए हैं। जैश के मिशन में डासना के बाद आगे क्या था यह जानकारी भी जुटाने की कोशिश हो रही है। यह बात भी सामने आ रही है कि जैश का आतंकी जिसका नाम आबिद बताया जा रहा है वह इस मिशन को लीड कर रहा था। आबिद की आखिरी लोकेशन सुरक्षा एजेंसियों को पुलवामा की पता चली है। इसके चलते नोएडा डेफ सोसायटी के स्टाफ और कर्मचारियों का भी कश्मीरी कनेक्शन खंगाला जा रहा है। जैश के मिशन से धार्मिक उन्माद फैलाने के साथ कट्टरता को भी बढ़ावा देने के मंसूबे भी शामिल थे। नोएडा डेफ सोसायटी के छात्रों में 12 के फॉर्म अलग निकाले गए हैं। इनमें कुछ मौजूदा और कुछ पूर्व छात्र भी बताए जा रहे हैं।

## दिल्ली भाजपा ने वैक्सीनेशन के प्रचार के लिए 70 वाहनों को झंडी दिखाकर किया रवाना

# प्रदेश भाजपा 450 से अधिक 'हेल्प डेस्क' खोलकर वैक्सीन लगाने के प्रति लोगों को जागरुक कर रही है : आदेश गुप्ता


*नई दिल्ली (ए)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आज वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत की जिसके तहत उन्होंने प्रदेश कार्यालय से टीकाकरण प्रचार के लिए 70 वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। ये प्रचार वाहन दिल्ली के सभी 70 विधानसभाओं में जाएंगे और लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरुक करने के साथ यह भी जानकारी देंगे कि वैक्सीनेशन कितना फायदेमंद हैं।*



इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवं वैक्सीनेशन के संयोजक कुलजीत सिंह चहल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री अशोक गोयल देवराहा एवं श्री राजन तिवारी, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल, प्रदेश मंत्री सरदार इम्प्रीत सिंह बख्शी, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती ऋचा पांडेय मिश्रा एवं शुभेन्द्र शेखर अवस्थी, जिला अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, जगमोहन महलावत, मोहन गोयल, प्रशांत शर्मा, विनोद बछेती, देवेन्द्र सोलंकी एवं बजरंग सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन कोरोना के लिए सुरक्षा कवच है। इसलिए कोरोना मुक्त भारत का सपना साकार करने के लिए सभी को वैक्सीन लगना जरुरी है। केंद्र सरकार द्वारा सिर्फ दिल्ली को ही नहीं बल्कि पूरे भारत को मुफ्त वैक्सीन दी जा रही है, इसलिए बिना किसी देरी के सबको वैक्सीन लगाई जानी चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन के प्रति लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है, भारत धीरे-धीरे कोरोना मुक्त होने की ओर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए ऐलान के तहत मुफ्त वैक्सीनेशन का अभियान पूरे देश में एक उत्सव के रुप में मनाया जा रहा है।

रिकॉर्ड 86 लाख लोगों का एक ही दिन में वैक्सीनेशन करवाना इस बात का सबूत है कि मोदी सरकार कितनी संवेदनशील है और वह हर नागरिकों की चिंता करती है। विश्व के सबसे बड़े वैक्सीनेशन अभियान को सार्थक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं। दिल्ली के 450 वैक्सीनेशन केंद्रों पर हेल्पडेस्क लगाकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरुक कर रहे हैं। प्रदेश महामंत्री एवं वैक्सीनेशन के संयोजक कुलजीत सिंह चहल ने वैक्सीनेशन केंद्रों का दौरा कर वहां भाजपा की ओर से लगाए गए 'हेल्प डेस्क' का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि इन केंद्रों पर वैक्सीन लगाने के प्रति लोगों को जागरुक किया जा रहा है और साथ ही जो लोग वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसका ख्याल रख रहे हैं। इसके साथ ही उन्हें जूस, फल और अन्य सामग्रियों का भी वितरण किया गया।

# सांसद मेनका गांधी पर फूटा पशुचिकित्सकों का गुस्सा, ट्विटर पर ट्रेंड हुआ माफी मांगे



**नई दिल्ली (ए)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और सांसद मेनका गांधी पर पशु चिकित्सकों से अभद्रता का करने का आरोप लगा है। पशु चिकित्सक से फोन पर अभद्रता किए जाने का कथित ऑडियो वायरल होने के बाद उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से भाजपा सांसद मेनका गांधी ट्विटर पर ट्रेंड कर रही हैं। हैशटैग बॉयकट मेनका गांधी, हैशटैग मेनका गांधी माफी मांगे ट्रेंड कर रहा है। इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मेनका गांधी पर कार्रवाई की मांग की है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया है कि मेनका गांधी अक्सर पशु चिकित्सकों को धमकाती हैं और उनके साथ अभद्रता करती हैं। सोशल मीडिया पर मेनका गांधी का एक कथित ऑडियो वायरल हो रहा है। इस ऑडियो में वह कुत्ते का इलाज करने वाले एक पशु चिकित्सक पर भड़क रही हैं। इस दौरान वे कई अभद्र शब्दों का भी इस्तेमाल कर रही हैं। सांसद मेनका गांधी सीतापुर के एक पशुचिकित्सक से बात कर रही हैं, जिसके पास छह महीने का अनुभव है। गुस्से में वे डॉक्टर का लाइसंस रद्द करने की धमकी देती सुनाई पड़ रही हैं। इतना नहीं उन्होंने डॉक्टर से यह भी पूछा कि उनके घर में कोई पढ़ा-लिखा भी है या नहीं। हालांकि, अमर उजाला इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# माधवराव सिंधिया जी की प्रतिमा के पास पहुंचा स्मैकची, शहर में आये दिन बढ़ता जा रहा है नशे का ग्राफ





नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी। शहर शिवपुरी में पिछले कुछ वर्षो से युवाओं और छोटे-छोटे बच्चों में स्मैक के नशे का चलन बढ़ाता जा रहा है। जिसके चलते शहर में कई आपराधिक बारदातें हुई हैं। यहां तक कि स्मैकचियों ने हत्या की बारदात को भी अंजाम दिया है। शहर में खुलेआम स्मैक की बिक्री कई जगहो पर की जा रही हैं और पुलिस तथा प्रशासन स्मैक के बढ़ते चलन पर अंकुश लगाने में अभी तक नाकाम ही साबित हुआ है।स्मैक के नशे में धुत्त युवा और छोटे-छोटे बच्चे गली और मोहल्ले में खुलेआम देखे जा सकते हैं और नशे की प्रवृति को पूरा करने के लिए वह बिना किसी डर के आपराधिक बारदातों को अंजाम देते हैं। आए दिन शहर में चोरी की घटना इन्हीं स्मैकचियों के कारण हैं। शिवपुरी शहर का ह्रदय स्थल माधव चौक चौराहा जहाँ अक्सर स्मैकचियों का अड्डा बना हुआ है। जहां पर आए दिन लड़ाई झगड़े के साथ नशेडि?ों द्वारा खुद को मारने तक की कोशिशें हुई हैं। माधव चौक पर स्थित कै. माधौ महाराज की प्रतिमा को भी नशेलची नहीं बख्स रहे हैं। प्रतिमा स्थल पर यह नशेलची बेधड़क होकर बैठा देखा जा रहा है। जिसका वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहा है। उक्त प्रतिमा 2013 में कुछ उपद्रवियों ने एक छात्र की मौत के बाद क्षतिग्रस्त कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### वैश्य महासम्मेलन के द्वितीय कोरोना महावैक्सीनेशन शिविर में 334 लोगों ने कराया टीकाकरण वरिष्ठ समाजसेवियों, चिकित्सकों, अभिभाषक व एसडीएम ने की शिविर में सहभागिता



**नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी।** कोरोना महावैक्सीनेशन के रूप में समाजसेवी संस्था वैश्य महासम्मेलन के द्वारा स्थानीय विष्णु मंदिर के सामने पुरानी शिवपुरी मार्ग स्थित प्रेम बिला परिसर में 7 दिनों के लिए कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर के द्वितीय दिन अतिथियों में वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार जैन (जड़ी बूटी) सहित शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.डी.के.बंसल, वरिष्ठ गायनिक डॉ श्रीमती लक्ष्मी गर्ग, कोरोना काल में जिला अस्पताल के कोविड प्रभारी व वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ.गिरीश चतुर्वेदी सहित वरिष्ठ अभिभाषक एड.श्याम सुन्दर गोयल मौजूद रहे साथ ही शिविर के आयोजन को लेकर यहां मौजूद व्यवस्थाओं को देखने और शिविर संचालन को लेकर एसडीएम अरविन्द वाजपेयी भी कार्यक्रम में पहुंचे। यहां सर्वप्रथम अतिथिद्वयों के द्वारा तात्याटोपे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ शिविर की शुरूआत की गई जिसमें अतिथियों ने वैश्य महासम्मेलन के इस अनूठे कोरोना महावैक्सीनेशन शिविर को सराहा कि यहां प्रतिदिन दो से 3 सैकड़ा लोगों का कोरोना वैक्सीनेशन किया जा रहा है साथ ही माकूल व्यवस्थाओं और सुव्यवस्थित तरीके से साफ-स्वच्छ वातावरण में यह वैक्सीनेशन शिविर लगाया जिसमें आसपास के लोगों के साथ-साथ दूर-दर क्षेत्रों से भी लोग आकर अपना कोरोना टीकाकरण यहां करा रहे है। इस अवसर पर अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करने वालों में वैश्य महाम्मेलन के प्रदेश मंत्री भरत अग्रवाल, जिला प्रभारी अजीत अग्रवाल ठेईया, जिलाध्यक्ष हरिओम जैन, जिला महामंत्री राजेश जैन राजू प्रेमस्वीट्स, युवा इकाई जिलाध्यक्ष सिद्दार्थ लढ़ा, जिला महामंत्री रमन अग्रवाल सांवरिया ग्रुप , संगठन मंत्री सूरज जैन, देवेंद्र जैन खतोरा, पवन जैन होटल श्रद्दा, उपाध्यक्ष मुकेश जैन, संरक्षक तेजमल सांखला, रमेशचंद गुप्ता, मंत्री सुमत गुप्ता, चन्द्र कुमार बंसल, पवन जैन नरवर, उपाध्यक्ष सिंघई अजीत जैन धौलागढ़ प्रांशुल अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, महिला प्रभारी श्रीमती प्रीति जैन, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रेणु अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भारती जैन, उपाध्यक्ष मंजू- रमन अग्रवाल, महामंत्री विनिता जैन आदि रही जिनकी मौजूदगी में वैश्य महासम्मेलन के द्वारा यह टीकाकरण शिविर लगाया गया जिसमें यहां टीकाकरण कार्य में एएनएम रेखा रजक, पूनम अटेरिया, कामिनी उदय, निकिता मंडेलिया सहित सेक्टर प्रभारी प्रसन्नकुमार जैन आदि इस शिविर को सफल बना रहे है। यहां कोरोना महावैक्सीनेशन अभियान आगामी 30 जून तक नियमित रूप से जारी रहेगा जिसमें कोवैक्सीन और कोविशील्ड दोनों तरह की कोरोना संक्रमण की रोकथाम को प्रयोग में आने वाली दवाओं का टीकाकरण संबंधित 18 से अधिक एवं 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को किया जा रहा है।

### बसूली विभाग ने मीट मार्केट और सईसपुरा में 200 से अधिक घरों के कनेक्शन काटे

**नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी।** इन दिनों अवैध कनेक्शनों को हटाने की पहल बिजली वितरण कंपनी द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में शहर की मीट मार्केट और सईसपुरा में अभियान चलाकर बिजली कंपनी ने यहां 200 से अधिक घरों के कनेक्शन अवैध डीपी से लिए गए कनेक्शनों को काट दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध भी दर्ज कराया, लेकिन बिजली कंपनी के साथ मौजूद सुरक्षा सैनिक की वजह से लोग ज्यादा आक्रोशित नहीं हो सके। विभाग के एई ने बताया कि इस दौरान टोचन करके डीपी से जोड़े गए 200 से अधिक कनेक्शनों को हटाने की कार्रवाई की गई।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भाजपा के राजनीतिक आराध्य हैं: धैर्यवर्धन शर्मा





नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी। भारतीय जनता पार्टी जिला शिवपुरी द्वारा जनसंघ के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें स्थानीय कार्यकर्ता मुख्य रूप पर सम्मिलित हुए और शेष जिले के समस्त कार्यकर्ता वर्चुअल तौर पर जु?। मुख्य वक्ता के तौर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता धैर्यवर्धन शर्मा ने डॉ. मुखार्जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने की। कार्यकर्ताओं को दिए अपने उद्बोधन् मे धैर्यवर्धन ने कहा कि सामान्य तौर पर देशवासी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को केवल कश्मीर में परमिट व्यवस्था रोकने के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर देने वाले नेता के तौर पर जानते हैं । यह सच भी है कि वह इस बात के विरोधी थे कि एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं होने चाहिए इसलिए उन्होंने11 मई को कश्मीर में प्रवेश किया और 23 जून को वह रहस्यमई परिस्थितियों में शहीद हो गए पर तभी जम्मू और कश्मीर से परमिट व्यवस्था हमेशा के लिए समाप्त करनी पड़ी ।धैर्यवर्धन शर्मा ने अपने व्याख्यान मे कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बंगाल को बचाने का भी बड़ा योगदान है। आजादी के पहले पाकिस्तान बनाने की जिद पर अड़े मोहम्मद अली जिन्ना ने 16 अगस्त 1946 को डायरेक्ट एक्शन डे मनाया जिसे कोलकाता दन्गा के नाम से भी जानते हैं । इस दिन मुस्लिम लीग के लोगों ने एक दिन मे अचानक हमला कर कोलकाता में लगभग 20,000 हिंदू और सिक्खों को मार डाला । लगभग 30,000 घायल हुए और कई लाख लोग अपने घरों को परमानेंट छोड़ कर के वहां से खदेड् दिये गए ।

भाजपा नेता धैर्यवर्धन शर्मा ने कहा कि जब पाकिस्तान का निर्माण किया जा रहा था तो पाकिस्तान को दो हिस्सों में बनाया गया था । आज के राजस्थान, गुजरात,महाराष्ट्र और पंजाब के पश्चिम की ओर पश्चिमी पाकिस्तान था तो कोलकाता के पूर्वी और का पूरा हिस्सा पुर्वी पाकिस्तान था। जो होमवर्क उस समय हो चुका था उसे आज का पश्चिम बंगाल पूरा का पुरा पूर्वी पाकिस्तान में दिया जा रहा था । पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कोलकाता के लोगों के साथ मिलकर पूरे बंगाल में आंदोलन खड़ा कर दिया और उसका परिणाम यह हुआ कि आज का कोलकाता, आसनसोल, वीरभूमि, 24 परगना जैसे तमाम महानगर



/ एरिया जो इस समय भारत के पश्चिम बंगाल के राज्य का हिस्सा है वह पाकिस्तान में जाने से रोक लिए गए । उन्होने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन काल में भारत की भयावहता का अनेकों बार दृश्य देखा था ।भारत और पाकिस्तान के विभाजन की तस्वीर की कोई उज्ज्वल तस्वीर नहीं थी जब विभाजन हुआ , तो कहा जाता है कि लगभग 10 लाख हिंदू और सिख भारत और पाकिस्तान के विभाजन की तस्वीर की कोई योजना नहीं थी जब विभाजन हुआ तो कहा जाता है कि लगभग 1000000 हिंदू और सिखोन् के प्राण ले लिए गए । कहते हैं कि भारत पाकिस्तान के बंटवारे की रेखा महिलाओं के शरीर पर से होकर के गुजरी थी अर्थात इसका अर्थ यह है कि पाकिस्तान से लौट रहे हिंदू और सिक्खों की लगभग एक लाख बहिन् बेटियों के साथ दुराचार हुआ बलात्कार हुआ उनके साथ मारपीट की गई उनके अंग भंग किए गए । उनको शारीरिक प्रताड़ना दी गई , और स्त्रियों का अपहरण करके घर ले जाकर क्यों ने नौकर चाकर बनाएं और जबरन निकाह किया गया ।डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी परम विद्वान थे और विलक्षण प्रतिभा के धनी थी तभी तो केवल 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति मनोनीत हो गए थेआप आश्चर्य करेंगे कि वह भारत की पहली सरकार में नेहरू जी के प्रधानमंत्री कार्यकाल में उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी थे पर लियाकत नेहरू समझौते के खिलाफ उन्होंने नेहरू सरकार के खिलाफ नाराजगी दर्शाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देना भी सामान्य बात नहीं थी आज लोग पार्षद पंच सरपंच और विधायक की सीट नहीं छोड़ सकते तब डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत सरकार के माननीय मंत्री के पद को ठुकरा दियाहिंदी सॉन्ग हालातों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक गुरु गोलवलकर जी से भेंट के पश्चात 21 अक्टूबर 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में जन संघ का गठन हुआ और पहले आम चुनाव में डॉक्टर मुखर्जी सहित तीन सांसद चुने गए जनसंघ भारतीय जनता पार्टी का ही पुराना रूप था। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को प्रणाम करते हुए माल्यार्पण करते हुए हम यह संकल्प लेते हैं कि हमारी पार्टी के पुरखों के द्वारा भारत की एकता अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए यह पवित्र संकल्प लिया है हम उस धरोहर को बनाए रखेंगे और उसी निष्ठा के साथ उस संकल्प की पूर्ति में अपना योगदान देते रहेंगे यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर मेंविभाजन और आतंकवाद की मानसिकता को प्रश्रय देने वाली अनुच्छेद 370 और 35 के खिलाफ जन संघ भारतीय जनता पार्टी और हमारा विचार परिवार लगातार संघर्ष कर रहा था ।हमारा देव मंत्र था एक देश में दो प्रधान दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे हम हर रोज देहरा थे थेविभाजन और आतंकवाद की मानसिकता को प्रश्रय देने वाली अनुच्छेद 370 और 35 ए के खिलाफ जन संघ भारतीय जनता पार्टी और हमारा विचार परिवार लगातार संघर्ष कर रहा था हमारा देव मंत्र था एक देश में दो प्रधान दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे हम हर रोज देहरा ते थे कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है।

# वैक्सीन का संकट, कई केन्द्रों पर नहीं लगी वैक्सीन

**नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी।** वैक्सीनेशन महाअभियान के तहत शिवपुरी में तीसरे दिन वैक्सीन का संकट उत्पन्न हो गया। वैक्सीन की कमी दूसरे दिन से ही महसूस होने लगी थी। गुरूवार को कोवाशील्ड वैक्सीन के 16300 डोज ही आए हैं जो 125 सेंटरों पर लग रहे हैं। जबकि अन्य केन्द्रों पर वैक्सीन न होने से वैक्सीनेशन नहीं हो रहा है। शिवपुरी में कई वैक्सीन सेंटरों पर पहुंचे लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि महाभियान के तीसरे दिन 125 सेंटरों पर ही 16300 डोज लगाए जाएंगे। जबकि टीकाकरण महाअभियान के पहले दिन 33 हजार लोगों को और दूसरे दिन 26500 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। वैक्सीनेशन के प्रति लोगों में जहां पहले जागरूकता और उत्साह की कमी थी। लेकिन कोरोना के प्रकोप के कारण वे लोग भी टीका लगवाने के





लिए सहमत हो गए जो कई कारणों से इससे झिझक रहे थे। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में वैक्सीन के अभियान के प्रति रूचि कम थी। इस कारण प्रशासन ने लोगों को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाए हैं। जिससे अधिक से अधिक लोग टीका लगवाकर अपनी और दूसरों की सुरक्षा कर सकें। यहीं कारण रहा कि बुधवार को टीका लगवाने वालों की सेंटरों पर भीड़ रही। जिससे वैक्सीन खत्म हो गई। डॉ. संजय ऋषिश्वर ने बताया कि गुरूवार को वैक्सीन आएगी और गुरूवार को वैक्सीन के कुल 16300 डोज ही आए। जिससे कई सेंटरों पर वैक्सीन नहीं लगी।

## नपा में सफाई कर्मचारी ने डंडा लेकर एकाउंटेंट शाखा में किया हंगामा

### एरियर की राशि ना मिलने को लेकर जताई नाराजगी



नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी। शहर के नगर पालिका शिवपुरी में गुरुवार के रोज एक सफाई कर्मचारी ने अपने एरियर की राशि ना मिलने को लेकर काफी बबाल काटा और नपा की एकाउंटेंट शाखा में कार्यरत दिनेश गुप्ता एकउण्टेन्ट कर्मचारी के साथ बतामीजी और तो?फो? के साथ ही कार्य कर रहे दिनेश गुप्ता की ?इल को भी फेक दिया और अपने एरियर की राशि जबरन मांगी। लेकिन जब अकॉन्टेन्ट दिनेश गुप्ता ने अपने अधिकारो में यह कार्य ना होकर उन्होंने इस मामले में सीएमओ से बात करने की कही, लेकिन कर्मचारी ने उनकी एक ना सुनते हुए भी इसके बाद भी हंगमा किया। इसके कुछ देर बाद ही नपा के अन्य कर्मचारियों ने इस घटनाक्रम के विरोध में कलमबंद ह?ताल कर दी और पुलिस में शिकायत की जिस पर मौके पर ही थाना कोतवाली पुलिस आयी और हंगमा कर रहे कर्मचारी को अपने साथ थाने ले गयी। तब कही जाकर नपा कर्मचारी काम पर लौटे।

## वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन पर हुआ वैश्य प्रतिभाओं का सम्मान एसपी राजेश सिंह चंदेल, एडीएम उमेश शुक्ला, एसडीएम अरविन्द वाजपेयी ने बढ़ाया मनोबल



**नवनीत एक्सप्रेस शिवपुरी।** समाजसेवी संगठन वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मोत्सव अवसर पर संगठन के द्वारा शिवपुरी जिला मुख्यालय स्थित प्रेम बिला परिसर में कोरोना काल में सेवा करने वाले वैश्य कोरोना वॉरियर्स का यहां सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से इन वॉरियर्स का मनोबल बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि राजेश सिंह चंदेल पुलिस अधीक्षक सहित एडीएम उमेशप्रकाश शुक्ला, एसडीएम अरविन्द वाजपेयी ने भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सर्वप्रथम अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत करने वालों में वैश्य महाम्मेलन के प्रदेश मंत्री भरत अग्रवाल, जिला प्रभारी अजीत अग्रवाल ठेईया, जिलाध्यक्ष हरिओम जैन, जिला महामंत्री राजेश जैन राजू प्रेमस्वीट्स, युवा इकाई जिलाध्यक्ष सिद्दार्थ लढ़ा, जिला महामंत्री रमन अग्रवाल सांवरिया ग्रुप, संगठन मंत्री सूरज जैन, प्रदेश कार्य.सदस्य देवेंद्र जैन खतोरा, संरक्षक तेजमल सांखला, मंत्री सुमत गुप्ता, पवन जैन नरवर, उपाध्यक्ष सिंघई अजीत जैन धौलागढ़, दिनेश गर्ग गुड्डे, प्रांशुल अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, महिला प्रभारी श्रीमती प्रीति जैन, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रेणु अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भारती जैन, महामंत्री विनिता जैन, मधु मित्तल, मंजू रमन अग्रवाल आदि मौजूद रही जिन्होंने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष हरीओम जैन द्वारा दिया गया। इसके साथ ही वैश्य महिला ईकाई द्वारा आयोजित तुलसी सजायो पृतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार पूनम राठी, द्वितीय पल्लवी जैन व तृतीय शोभा गुप्ता को प्राप्त होने पर उन्हें पुरूस्कृत किया गया। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के कोरोना वॉरियर्स प्रतिभाओं में शामिल वैश्य प्रतिभाओं में स्वास्थ्य विभाग से सी.पी.जैन, एलडीसी सुनील जैन, रक्तदान करने वाले अमित खण्डेलवाल, अमित गोयल, एएनएम नीलम जैन, निक्की खण्डेलवाल, अध्यक्ष लायंस सेन्ट्रल अध्यक्ष गोपिन्द्र जैन सहित वरिष्ठ पत्रकार संजीव बांझल, अशोक अग्रवाल, योगेन्द्र जैन, सेवा भावी सांवरिया ग्रुप के चेयरमैन रमन अग्रवाल का शॉल-श्रीफल व माल्यार्पण कर अतिथियों के द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

500 महावैक्सीनेशन का रखा गया था लक्ष्य

वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष हरिओम जैन ने लगाया कि इस सम्मान समारोह के साथ प्रेम बिला परिसर में कोरोना महावैक्सीनेशन के रूप में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मोत्सव पर 500 वैक्सीनेशन का लक्ष्य वैश्य महासम्मेलन के द्वारा रखा गया था लेकिन दोप.3 बजे ही वैक्सीन खत्म होने के कारण यहां केवल 135 लोगों को ही कोरोना का टीका लगा सका, शेष लोगों को आने वाले कल में कोरोना का टीका लगाया जाएगा।

## वन-टू-वन

### छोटे बच्चों को व्हाट्सएप ग्रुप से भेजी जाएगी पठन सामग्री

मुरैना। छोटे बच्चों में भावनात्मक विकास और शैक्षणिक समझ विकसित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 'आओ सीखें कार्यक्रम' में 15 जुलाई 2021 तक विभिन्न विषयों पर तैयार किए गए ऑडियो वीडियो व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाए जाएंगे। इस पर आधारित विभिन्न छोटे ऑडियो और वीडियो भेजे जाएँगे। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र ने बताया कि इसके साथ ही हमारा घर-हमारा विद्यालय के अंतर्गत बच्चों में विषय की प्रारंभिक समझ को विकसित करने की दृष्टि से प्रयास-अभ्यास पुस्तिका का वितरण भी 15 जुलाई से पहले किया जाएगा। 15 जुलाई के पहले अभ्यास पुस्तिका बच्चों को उपलब्ध कराने के संबंध में सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश दिए गए हैं। अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण 16 जुलाई से 15 अगस्त तक विद्यार्थियों को मेल पर प्रेषित की जाएगी। अभ्यास पुस्तिका के 48 पेज की सामग्री को जिले स्तर पर कक्षा 1 व 2 और कक्षा 3 से 5 के लिए बहुरंगी तथा कक्षा 6 से 8 के लिए ब्लैक एंड व्हाइट प्रिंट में मुद्रित कराकर बच्चों को उनके घर पर कार्य करने के लिए 15 जुलाई के पूर्व उपलब्ध कराई जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून को

मुरैना। संचालक्र सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय के निर्देशानुसार नशीले पदार्थ के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध अंतर्राष्ट्रीय नशा दिवस का आयोजन 26 जून को किया जायेगा। इसका उद्देश्य मादक पदार्थों, द्रव्यों, नशीली दवाओं और नशा सेवन की समाज में बढ़ रही प्रवृत्ति पर रोकथाम करना है। नशा सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करते हुए नशामुक्ति के लिये प्रेरित करना है। वैश्विक महामारी कोविड-19 के मद्देनजर नशा निवारण दिवस पर किसी प्रकार के कार्यक्रम और समारोह करना उचित नहीं है। इसलिए नशीले पदार्थ के दुरूपयोग और अवैध व्यापार के विरूद्ध मनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर दृश्य-श्रव्य माध्यमों द्वारा मादक पदार्थों, द्रव्यों और नशीली दवाओं के दुष्परिणामों से युवाओं और समाज में जागरूकता के लिये जिला स्तर पर कार्यवाही की जायेगी।

# पुलिस चौकी पर चोरों ने बोला धावा, राइफल और कारतूस चोरी

### थाने ही सुरक्षित नहीं तो आम जनता को सुरक्षा क्या देंगे? मामले को दबाने में लगी पुलिस



मुरैना। आम जनता की सुरक्षा के लिए स्थापित थाना पुलिस कर्मियों की उपस्थिति के बाद भी सुरक्षित नहीं है तो वह आम जनता की सुरक्षा क्या करेंगे, यह प्रश्न मुरैना जिले की जनता के जेहन में गूंज रहा है। बीती रात दिमनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थापित मिरघान पुलिस चौकी पर तैनात दो पुलिस कर्मियों की उपस्थिति के पश्चात अज्ञात चोर थाने में घुसकर अलमारी की कुंडी तोड़कर दो राइफल एवं एक सैकड़ा से अधिक कारतूस चोरी कर ले गए। जब आरक्षक ने इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी तो बदनामी के डर से पुलिस कप्तान सहित पूरा अमला मौके पर पहुंचा और छानबीन में जुट गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बयान में यह कहा जा रहा है कि राइफल सुरक्षित हैं, कुछ कारतूस कम है, मिलान करने के बाद चोरी का पता चलेगा, अगर राइफल सुरक्षित है तो फिर मीडिया के सामने पेश क्यों नहीं की जा रही, इसको लेकर मामला संदेहास्पद लग रहा है।

मुरैना जिले में बदमाशों के हौंसले इतने बुलन्द है कि सरेआम पुलिस चौकी में धावा बोलकर दो बंदूक और करीब 150 कारतूस लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर एसपी ललित शाक्यवार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ रायसिंह नरवरिया सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह मिरघान पुलिस चौकी पर चोरों ने मालखाने का ताला तोडकर दो बंदूक और कारतूस चुरा लिए और फरार हो गए। चौकी से चोरों द्वारा रायफल व कारतूस की चोरी किए जाने की घटना जिले के साथ-साथ राजधानी तक गूंज गई है और अब पुलिस अधिकारी इस मामले को तूल देने से बच रहे हैं तथा बंदूकें अलमारी में ही रखे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन बंदूकों को मीडिया के समक्ष नहीं दिखाया जा रहा है। चौकी से चोरी की घटना के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ मौके पर डॉग स्क्वायड की मदद से छानबीन की गई है। आरक्षकों के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सुबह सूचना दी गयी थी, उसमें कितना सच और कितना झूठ हैं, यह जाँच के बाद स्पष्ट हो सकेगा।

इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया ने बताया कि चौकी पर दो आरक्षक और एक प्रभारी तैनात रहता हैं तथा चौकी प्रभारी तबीयत खराब होने के कारण अवकाश पर थे। सुबह 4 बजे सूचना मिली कि चोर अलमारी की कुन्दी तोडकर दो रायफल और कारतूस निकाल कर ले गए है। जब अधिकारियों ने मौके पर जाकर छानबीन की तो राइफल अलमारी में सुरक्षित पाई गई हैं और कारतूस को कम देख रहे हैं जिन का मिलान किया जा रहा है और यह देखा जा रहा है कि लाइन से कितने कारतूस इश्यू किए गए हैं, इसके बाद ही चोरी का पता लग सकेगा। फिलहाल मौके पर पुलिस कप्तान के साथ मिलकर डॉग स्क्वायड की मदद से जाँच की जा रही हैं।

जिले में चोरी लूट की घटनाएं तो आए दिन हो ही रही थी, अब पुलिस थाने भी चोरों के निशाने पर आ गए हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि चोर बदमाशों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है और अब वह थानों को भी टारगेट बना रहे हैं। जब आम जनता की सुरक्षा करने वाले थाने ही सुरक्षित नहीं है, तो फिर जनता पुलिस महकमे से क्या उम्मीद कर पाएगी। यह घटना मुरैना पुलिस के लिए एक बदनुमा दाग बनती दिख रही है।

### समस्त दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, शॉपिंग मॉल सोमवार से शनिवार तक 9 से 8 बजे तक खुलेंगे



मुरैना। 24 जून 2021/ कोरोना वायरस संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण एवं जन सामान्य के स्वास्थ्य हित में 16 जून को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये थे। जिनमें शिथिलता बरतते हुये जिले की समस्त दुकानें व्यवसायिक प्रतिष्ठान, शॉपिंग, कॉम्पलेक्स आज यानी 24 जून 2021 से प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक खुल सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री बी. कार्तिकेयन ने बताया है कि दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुये मुरैना जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत वर्तमान में ऐसी कोई परिस्थिति नहीं है और न ही संभव है कि आदेश की पूर्व सूचना प्रत्येक व्यक्ति को दी जाये। यह आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के प्रावधानों अलावा आईपीसी की धारा 188 एवं अन्य उपयुक्त कानूनी प्रावधानों के अन्तर्गत जुर्माने सहित दाण्डिक कार्रवाही की जायेगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, थाना प्रभारी अधिकृत होंगे।

# भ्रष्टाचार के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दिया ज्ञापन



अम्बाह। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अम्बाह के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के व्दारा एसडीएम राजीव समाधिया को स्मरण ज्ञापन दिया गया। जिसमें कहा गया कि नगर पालिका ने नेहरू पार्क अम्बाह में हरे बृक्ष जड़ से काटकर बाजार में नियम के बिरुद्ध बिक्रय किये एवं शहर में नाले सफाई के नाम पर नगर पालिका सीएमओ द्वारा भ्रष्टाचार किया गया था। इस संबंध में कुछ दिन पूर्व ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है।

ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने बताया कि नगरपालिका अम्बाह के सीएमओ द्वारा अमिल्हेडा रोड पर निकाय के ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा नाले से निकला मलवा हटवाया गया है और सीएमओ द्वारा विज्ञप्ति आनलाइन या किसी अखवार में प्रकाशित न करवाकर फर्जी तरीके से कुटेशन लेकर प्राइवेट ठेकेदार के नाम से पेमेण्ट निकवाने के तैयारी में है।

अतः नगरपालिका अम्बाह मे हो रहे भारी भ्रष्टाचार को रोका जावे एवं दोषियों के खिलाफ निमयानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जावे, इसके साथ ही नेहरू पार्क में हुए अवैध रूप से हरे भरे पेड़ों की कटाई और लकडी बेचे जाने में हुये भ्रष्टाचार के संदर्भ में कार्यवाही की मांग भी की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म एवं हत्या के आरोपी को नहीं मिली जमानत



मुरैना। नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के मामलें में चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) एक्ट न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका सुनवाई के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुये, निरस्त कर दी। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अदालत में श्रीमती प्रतिभा उमरैया, विशेष लोक अभियोजक ने अपना पक्ष रखा।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) डॉ. रश्मि वैभव शर्मा ने घटना के बारे में बताया कि मृतिका अभियोक्त्री की मां ने थाना टेंटरा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 21 मार्च 2021 को फरियादिया की नाबालिग लडकी (मृतिका) रात्रि के समय फरियादिया के बगल से खटिया पर सो रही थी, तथा उसके साथ उसकी छोटी बहन भी सो रही थी। दिनांक 21 मार्च को सुबह करीब 06 बजे जब फरियादिया जागी तो अभियोक्त्री खटिया पर नहीं थी, फिर फरियादिया ने उसे घर पर व आसपास गांव में देखा तो वह कहीं भी नहीं मिली। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट पर से थाना टेंटरा में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 363 भा.द.स. के अंतगर्त अपराध पंजीबद्ध कर, अनुसंधान प्रारंभ किया गया। प्रकरण में यह साक्ष्य संकलन के दौरान पता चला कि, सहअभियुक्त का मौसी का लडका अपने मामा के यहां रहकर दूध का धंधा करता था, और 21 मार्च को रात्रि में वह भी सहअभियुक्त के मामा के पास रूका था तथा इस दौरान सहअभियुक्त नाबालिग अभियोक्त्री से बात करता था और उसने मृतिका अभियोक्त्री को बावरीपुरा के बिजलीघर के पास उसे खेतों में लेकर गए, जहां दोनों सहअभियुक्त ने अभियोक्त्री के साथ गलत काम किया और अभियोक्त्री के द्वारा कहने पर कि वह सबको बतायेगी और पुलिस में रिपोर्ट करेगी तो उक्त मृतिका अभियोक्त्री को बहला फुसलाकर बावडी पर ले जाकर पुलिया पर से नहर में धक्का दे दिया था। अनुसंधान के दौरान साक्ष्य संकलन के अंतगर्त यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि सहअभियुक्तगण के साथ अभियुक्त भी मौजूद था। इसलिए अभियुक्त के विरूद्ध थाना टेंटरा में धारा 302, 201, 376डी, 364, 366 भा.द.स. एवं धारा 3(1)(डब्ल्यू)(1), 3(2)(व्ही) एस.सी./एस.टी. एक्ट एवं धारा 3/4, 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार



मुरैना। कोतवाली क्षेत्र के संजय कॉलोनी इलाके में बुधवार की रात अवैध हथियारों से फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए 12 घंटे में मय हथियार के गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात राजा टैंगोर नाम का युवक सडक पर टहल रहा था, तभी हेमंत वाल्मीक और विशाल वाल्मीक कट्टा लेकर राजा टैगोर के पीछे दौड पडे और फायरिंग शुरू कर दी। राजा अपनी जान बचाने के लिए घर मे घुस गया, तभी करीब तीन-चार युवक साथ में आये और धमकी देते हुए भाग गए। सूचना मिलते ही मौके पर टीआई अतुल सिंह मय फोर्स के पहुँच गए। पुलिस ने मुखबिर की सूचना से आरोपियों का पीछा करते हुए उत्तमपुरा रोड पर अपनी जान जोखिम में डालकर दोनों आरोपियों को मय लोडेड कट्टा सहित गिरफ्तार कर लिया। मौके से पुलिस ने तीन खाली खोके भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी है। इस कार्य में टीआई अतुल सिंह, उपनिरीक्षक बालकुमार, महेश शर्मा, प्रधान आर अनिल दोहरे, सत्यवीर, प्रेमनारायण, आर शिवप्रताप, कुलदीप, रविन्द्र और अशोक की सराहनीय भूमिका रही।

# महंगाई के विरोध में पीएम की शवयात्रा निकालकर जलाया पुतला

### कमरतोड़ महंगाई को लेकर सेवादल यंग बिग्रेड का जबरदस्त विरोध प्रदर्शन




मुरैना। देश व प्रदेश में बढती महंगाई को लेकर गुरुवार को कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अर्थी निकालकर पुतला दहन करते हुए जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया। द ग्रेट के युवाओं ने कहा कि कोरोना काल के समय में करीब 3 महीने से गरीब जनता अपना रोजगार एवं व्यापार गवां चुके है, इसके बाबजूद केंद्र और राज्य सरकार डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतें बढाकर मुनाफा कमाने में लगी हुई हैं।

महंगाई को लेकर जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र सिकरवार ने अपने साथियों के साथ प्रधानमंत्री की अर्थी बनाकर पूरे बाजार में घुमाया। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपा। शहर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि महंगाई चरम सीमा पर है। रसोई गैस,डीजल और पेट्रोल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही हैं। कोरोना काल मे एक तरफ आमजनता मंहगाई की मार झेल रही है तो वहीं व्यापारी वर्ग भी जनता से मुनाफाखोरी करने में लगे हुए हैं। सरकार की गलत नीतियों के चलते भारतीय रुपए में डॉलर के मुकाबले जो गिरावट हुई हैं, उसके चलते तेल का आयात और देशों की तुलना में महँगा हुआ है, लेकिन सरकार अपनी विफलता को छुपाने के लिए जनता को लूटने में लगी हुई है। आज खाद्य सामग्री से लेकर शिक्षा, स्वास्थ काफी महँगा हो गया हैं, जिससे आमजनता का जीना मुश्किल हो रहा हैं। इस मंहगाई ने आमजनता की कमर तोड कर रख दी हैं। आमजन की परेशानी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री की अर्थी को पूरे बाजार में निकालकर कलेक्ट्रेट पर अर्थी को आग के हवाले किया गया है। नेताओं ने कहा कि सरकार ने कोरोना काल में आंकड़ों की बाजीगरी कर मौत के आंकड़ों को छुपाया है और देश की जनता को सही जानकारी नहीं दी है। इस मौके पर मप्र किसान कॉग्रेस के अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, राजेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष शहर कॉग्रेस कमेटी दीपक शर्मा, सौरभ सोलंकी, प्रमोद शर्मा हुसैनपुर, सुभाष सिकरवार, जितेंद्र डंगस सहित कई कोंग्रेसी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मिल रहा टीकाकरण में सहयोग



मुरैना। वार्ड क्रमांक 2 में कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए जैन बगीची, तोमर गली में आंगनवाड़ी ममता तोमर, रीना निगम, सरोज मीरा भास्कर आदि के क्षेत्र में पेम्पलेट वितरण की और जीडी जैन उ.मा. विद्यालय टीकाकरण केन्द्र पर प्रचार-प्रसार किया गया। यहाँ शिवानी यादव टीका लगा रही हैं, रेखा सिंह कम्प्यूटर, प्रदीप सिंह राजपूत नोडल अधिकारी, सतीश यादव और श्री निवास रजिस्ट्रेशन कर रहे थे।

## नैनो न्यूज

### भेल ने पावर हाउस के लिए रिकार्ड समय में तैयार किया उपकरण

**भोपाल (ए)।** हाल ही में भेल भोपाल के हाइड्रो डिवीजन ने सरदार सरोवर कैनाल हेड पावर हाउस परियोजना की यूनिट एक के लिए 15 दिनों के रिकॉर्ड समय में कपलान रनर (व्यास 4700 मिमी और वजन 54 टन) की सफलतापूर्वक मरम्मत की है। मरम्मत में नए रनर ब्लेड की असेंबली, टूटे लीवर तथा सभी सील और महत्वपूर्ण हार्डवेयर को बदलना शामिल था। कपलान रनर को सख्त गुणवत्ता मानकों के तहत असेंबल और परीक्षण किया गया था। संपूर्ण रुप से तैयार इस रनर को हाल में परियोजना स्?थल पर पहुंचा दिया गया है। गौरतलब है कि सरदार सरोवर कैनाल हेड पावर हाउस परियोजना में 50 मेगावाट वर्टिकल कपलान मशीनों की पांच इकाइयां शामिल हैं। इन उपकरणों की आपूर्ति भेल भोपाल द्वारा की गई थी और अगस्त से दिसंबर 2004 के बीच इसे कमीशन किया गया था। भेल के प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ल ने बताया कि देश की उन्नति में भेल का अहम योगदान है। भेल जिन उपकरणों का उत्पादन करता है, उनकी गुणवत्ता का खास ध्यान रखता है। ऑर्डर मिलने के बाद समय पर काम पूरा करना और साइट पर पहुंचाने का काम भेल के अधिकारियों/कर्मचारियों की एकजुटता व समयबद्ध तरीके से पूरी ईमानदारी से कार्य करने की वजह से संभव हो रहा है। मालूम हो कि देश की महारत्न कंपनियों में शुमार भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) अलग-अलग शहरों में पावर हाउस परियोजनाओं के लिए काम कर रही है। भेल की मदर यूनिट भोपाल इन परियोजनाओं का काम पूरा करने के लिए अहम भूमिका निभा रही है। साथ ही बेंगलुरु, हैदराबाद, त्रिची, झांसी सहित भेल की सभी 17 इकाइयां अलग-अलग उपकरण् बनाकर परियोजनाओं को पूरा करने में अहम योगदान दे रही हैं। ट्रांसफार्मर, टरबाइन, सोलर पैनल सहित रक्षा संबंधी उपकरणों को भी भेल निर्मित कर रहा है।


### पुलिस के समान वर्दी के इंतजार में आरटीओ कर्मचारी

**भोपाल (ए)।** प्रदेश के परिवहन विभाग (आरटीओ) के कर्मचारी लंबे समय से पुलिस के समान वर्दी की अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं। आरटीओ के कर्मचारी तीन साल से यह मांग कर रहे हैं। अब तक राजधानी सहित प्रदेश के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय और जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को इसकी अनुमति शासन की ओर से नहीं दी गई है। कर्मचारी लगातार खाकी वर्दी आवंटन करने की मांग कर रह हैं, लेकिन कोरोना काल में खाकी वर्दी की कर्मचारियों की मांग दब गई है। अब एक बार फिर अनलॉक के बाद भोपाल आरटीओ के कर्मचारियों ने खाकी वर्दी की मांग परिवहन विभाग के अधिकारियों के समक्ष रखी है। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, परिवहन विभाग के प्रदेशाध्यक्ष श्याम यादव ने बताया कि हमारी खाकी वर्दी की मांग निरंतर चलती रहेगी। जब तक शासन की ओर से आरटीओ के वरिष्ठ कर्मचारियों को खाकी वर्दी पहनने की अनुमति नहीं मिल जाती, हम अपनी इस मांग पर अड़े रहेंगे। कोरोना काल में काम कराने वाले लोग परेशान न हो, इसलिए हड़ताल तो नहीं करेंगे, लेकिन परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत से खाकी वर्दी की मांग करते रहेंगे। खाकी वर्दी की मांग करने के पीछे एक ही उद्देश्य है कि वाहनों की चेकिंग करते समय चौराहों व तिराहों पर कोई दिक्कत न आए। अभी आरटीओ कर्मचारियों के सिविल ड्रेस में होने पर बस, ट्रक, कार सहित अन्य वाहन चालक कहने या इशारा किए जाने के बावजूद अपनी गाड़ियां नहीं रोकते हैं। इस वजह से आरटीओ कर्मचारी वाहन चेकिंग अभियान भी ठीक तरह से नहीं चल पाते हैं।आरटीओ व डीटीओ में पदस्थ कर्मचारियों को चेकिंग अभियान में लगाया जा सकेगा। जमीनी स्तर पर मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई हो सकेगी। यदि पुलिस के समान आरटीओ कर्मचारियों को खाकी वर्दी पहनने की अनुमति शासन की ओर से मिल जाती है तो चेकिंग अभियान बेहतर ढंग से चलेगा। नागरिकों से मोटर व्हीकल एक्ट का पालन कराने में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### चीन के लिए फायदेमंद थी अफगानिस्तान में यूएस की मौजूदगी

पाकिस्तान के पूर्व राजदूत अब्दुल बासित ने अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की वापसी के बाद चीन पर जेहादी हमलों में तेजी आने की आशंका जताई है। एक लेख में उन्होंने लिखा है कि 9/11 हमले के बाद चीन की अफगान पॉलिसी पूरी तरह से आतंकियों के खात्मे और इस क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के साथ-साथ बेल्ट रोड इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने की रही है। लेकिन अब अफगानिस्तान से अमेरिकी फौज की वापसी के उसकी परेशानियां बढ़ सकती हैं। उन्होंने लिखा है कि अमेरिकी फौज की गैर-मौजूदगी में चीन में आतंकी हमले बढ़ सकते हैं। उन्होंने ये भी लिखा है कि इस क्षेत्र में अमेरिकी फौज की गैर-मौजूदगी से चीन को इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने का भी पूरा मौका मिल सकता है। इसलिए अफगानिस्तान में होने वाली उथल-पुथल का असर शिनजियांग प्रांत पर भी पड़ेगा। ये प्रांत अफगानिस्तान की सीमा से मिलता है। इतना ही नहीं अफगानिस्तान में जिस तरह से तालिबान एक बार फिर अपने पांव पसारने में लगा हुआ है उसके मुताबिक वो बीजिंग के लिए बड़ी पेरशानी का सबब बन जाएगा।

# निगम के दल घर-घर जाकर करदाताओं को विशेष छूट की देंगे जानकारी



**भोपाल (ए)।** निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया है कि निगम के वार्ड स्तर पर गठित दल घर-घर जाकर चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 का सम्पत्तिकर 31 अगस्त 2021 तक जमा करने वाले करदाताओं को सम्पत्तिकर में 06 प्रतिशत की विशेष छूट की जानकारी दें और सम्पत्तिकर और जलदर के खातों का सत्यापन कर जो नल कनेक्शन सम्पत्तिकर खाते में दर्ज नहीं है उन्हें सम्पत्तिकर के खाते में दर्ज कराए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने करदाताओं को वैश्विक महामारी कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य शासन द्वारा अधिभार में दी जा रही छूट की जानकारी भी करदाताओं को देने और करों के भुगतान हेतु अधिक से अधिक करदाताओं को प्रेरित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त पवन सिंह, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल सहित जोनल अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने बुधवार को राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा की और वर्तमान वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर का 31 अगस्त 2021 तक भुगतान करने पर सम्पत्तिकर में दी जा रही 06 प्रतिशत की विशेष छूट की जानकारी करदाताओं तक पहुंचाने हेतु वार्ड स्तर पर गठित दल को घर-घर भेजकर जानकारी देने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने निर्देशित किया कि निगम के दल सम्पत्तिकर एवं जलदर खातों व घरों में स्थापित नल कनेक्शनों का सत्यापन कर सम्पत्तिकर खाते में दर्ज होने से छूटे नल कनेक्शनों को सम्पत्तिकर के खाते में दर्ज कराने व मकान मालिक के मोबाइल नंबर, ई-मेल आई.डी व पता आदि में यदि त्रूटि हो तो सुधार करने की कार्यवाही भी करे। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने करदाताओं को कोविड महामारी के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत शासन द्वारा अधिभार में दी जा रही विशेष छूट के संबंध में अलग-अलग बकाया राशियों के लिए निर्धारित अलग-अलग स्लेब की विस्तारपूर्वक जानकारी देने और नागरिकों को ऑन लाईन भुगतान हेतु भी प्रेरित करने, एक किचिन एक परिवार के आधार पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार वसूलने और अधिक से अधिक व्यवसायिक लायसेंस बनाने और लायसेंस शुल्क जमा कराने के निर्देश दिए। वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत करदाताओं को सुविधा देने हेतु राज्य शासन द्वारा सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार की बकाया राशियों पर अधिभार (सरचार्ज) में छूट प्रदान की गई है। राज्य शासन के आदेशानुसार 31 अगस्त 2021 तक लंबित देय राशियों के भुगतान करने वाले करदाताओं/नागरिकों को सम्पत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये बकाया थी उन्हें मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, 1 लाख रुपये तक बकाया राशि पर केवल अधिभार में 50 प्रतिशत तक की छूट एवं 1 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिस्थितियों के भूभाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल देय राशि रु. 20,000/-तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत, नगरीय निकायों द्वारा व्ययन की गयी परिसंपत्तियों के भूभाटक/किराये के ऐसे प्रकरण जिनमें अधिभार सहित कुल राशि 20,000/- से 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## एन.डी.बी. के सहयोग से बनने वाले सड़क-पुल के कार्य समय-सीमा में पूर्ण करायें : लोक निर्माण मंत्री



**भोपाल(ए)।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा है कि न्यू डेव्हलपमेंट बैंक के सहयोग से संचालित सभी 4875 करोड़ के कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराया जाये। उन्होंने यह निर्देश मंत्रालय में एन.डी.बी. प्रोजेक्ट के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिये। प्रोजेक्ट के अंतर्गत 2240 करोड़ रुपये की लागत से 741 किलोमीटर लम्बाई की 82 सड़कें तथा 80 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंत्री श्री भार्गव ने कहा कि न्यू डेव्हलपमेंट बैंक के वित्तीय सहयोग से जिला मार्गों का उन्नयन, नवीनीकरण, पुलों के पुनर्निर्माण के कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। इन मार्गों के निर्माण से प्रदेश में यातायात को गति मिलेगी, इसका सीधा लाभ प्रदेश के आर्थिक विकास को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाये। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग नीरज मण्डलोई ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन और न्यू डेव्हलपमेंट बैंक के बीच वर्ष 2018 में 3250 करोड़ रुपये की राशि से 1905 किलोमीटर के 82 सड़क मार्गों के उन्नयन और नवीनीकरण के लिये तथा 1628 करोड़ रुपये की लागत से 156 पुलों के निर्माण और पुनर्निर्माण की परियोजनाओं का अनुबंध किया गया। इन परियोजनाओं पर व्यय की 70 प्रतिशत राशि न्यू डेव्हलपमेंट बैंक द्वारा भारत सरकार के माध्यम से मध्यप्रदेश को ऋण के रूप में प्राप्त हुई तथा 30 प्रतिशत राशि राज्य शासन द्वारा अपने बजट से उपलब्ध कराई गई है। श्री मण्डलोई ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 1693 करोड़ रुपये की लागत से 741 किलोमीटर लम्बाई वाली 25 सड़कों तथा 547 करोड़ रुपये की लागत से 80 पुलों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। एन.डी.बी. प्रोजेक्ट के अंतर्गत इंदौर नगर में फ्लाई ओवर, होशंगाबाद में नर्मदा नदी पर तथा मंदसौर में शिवना नदी पर पुल और खण्डवा शहर में ओवर-ब्रिज का निर्माण भी इसी परियोजना के अंतर्गत कराया जा रहा है। मंत्री गोपाल भार्गव ने सागर शहर से जबलपुर को जोड़ने वाले जिला मार्ग को फोरलेन मार्ग के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बतलाई।

## जो अपने बच्चे से करे प्यार - वह वैक्सीन से कैसे करे इन्कार



### कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान के तहत नगर निगम द्वारा बुधवार को आयोजित शिविरों में 5149 नागरिकों ने लगवाई वैक्सीन

**भोपाल ए)।** कोरोना वायरस के संक्रमण से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर निगम, भोपाल द्वारा ÷जो अपने बच्चे से करे प्यार - वह वैक्सीन से कैसे करे इन्कार÷ नारे के साथ कोविड वैक्सीनेशन महा-अभियान के तहत बुधवार को शहर के 85 वार्डों में नगर निगम भोपाल द्वारा आयोजित वैक्सीनेशन शिविरों में 05 हजार 149 नागरिकों ने कोविड वैक्सीन लगाई गई। कोविड-19 वैक्सीनेशन महा-अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को कोरोना वायरस से सुरक्षित रखने हेतु कोविड वैक्सीन सुगमतापूर्वक लगाने संबंधी जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के निर्देशों पर नगर निगम के समस्त 85 वार्डों में वृहद पैमाने पर वैक्सीनेशन शिविरों का आयोजन किया गया। निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपने-अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में नागरिकों को प्रेरित किया और निगम द्वारा आयोजित शिविरों में 05 हजार 149 नागरिकों को कोविड वैक्सीन लगवाई। निगम अमले द्वारा कोरोना वायरस से शहर के नागरिकों को सुरक्षित रखने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे है और पूर्व में भी निगम द्वारा अनेक वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किए गए। कोविड-19 वैक्सीनेशन महा-अभियान के प्रथम दिन गत सोमवार को 63 हजार 279 नागरिकों ने निगम द्वारा आयोजित 255 शिविरों में आकर कोविड वैक्सीन लगवाई थी।

## सरकारी स्कूलों के लिए अब होगा सिंगल बचत खाता

### राज्य स्तर पर एक जुलाई से सिंगल बचत खाता होगा चालू

**भोपाल (ए)।** मप्र के हजारों की संख्या में सरकारी स्कूलों के लिए अब मात्र एक ही सिंगल बचत खाता होगा। राज्य स्तर पर एक जुलाई से सिंगल बचत खाता चालू हो जाएगा। प्रदेश के करीब 90 हजार सरकारी स्कूलों के बैंक खाते 30 जून से जीरो बैलेंस कर दिए जाएंगे। वर्तमान में स्कूलों के खाते में जमा राशि सिंगल खाते में स्थानांतरण कर दी जाएगी। अभी सरकारी स्कूलों के 90 हजार अलग-अलग खातों में करीब 100 करोड़ रुपये जमा हैं। सिंगल बचत खाते में राशि को स्थानांतरण करने से पहले जिला स्तर पर अधिकारी इसे खर्च करने में जुट गए हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं की राशि को लेकर एक सिंगल बचत खाता खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी कर दिए हैं। इसे लेकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 30 जून तक सभी प्रायमरी, मिडिल, हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में अलग-अलग 90 हजार खाते में जीरो बैलेंस कर दिया जाएगा। इन खातों की राशि राज्य स्तर पर खोले जाने वाले सिंगल बचत खाते में स्थानांतरण कर दी जाएगी। इससे केंद्र से मिली राशि के खर्च का हिसाब रखने के लिए अब राज्य सरकार को एक ऐसा खाता खोलना होगा, जिसकी सीधी निगरानी केंद्र की होगी। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव और बजट नियंत्रण अधिकारी के रूप में काम करने वाले सभी विभागाध्यक्षों को इस पर अमल के निर्देश दिए हैं। अब स्कूलों का खाता जीरो बैलेंस होने से परेशानी बढ़ेगी। स्कूल प्रबंधन को हर छोटे-मोटे से कार्य के लिए अधिकारी को पहले बिल दिखाना होगा। अभी तक वर्तमान में सरकारी स्कूलों के अलग-अलग बैंक खाते हैं। इन खातों की राशि स्कूली स्तर पर प्रबंधन जरूरत के हिसाब से खर्च कर सकते थे, लेकिन राज्य स्तर पर सिंगल बचत खाता होने के बाद स्कूल के किसी काम के लिए पहले बिल विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) को लगाने होंगे। बीआरसी से जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को भेजे जाएंगे। इसके बाद राज्य शिक्षा केंद्र को भेजने होंगे। वहां से भुगतान मिलने के बाद ही स्कूलों में कोई काम हो सकेंगे।

## 5 फीट 4 इंच की दुल्हन और 3 फीट 7 इंच का दूल्हा

### इस पति-पत्नी ने बनाया लंबाई में अंतर का विश्व रिकॉर्ड

**लंदन(ए)।** ब्रिटेन में 3 फीट 7 इंच के दूल्हे ने 5 फीट 4 इंच की दुल्हन से शादी रचाकर विश्व रिकॉर्ड कायम कर दिया है। इनके नाम को पति-पत्नी की लंबाई में सबसे ज्यादा अंतर के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। इनकी लंबाई में एक फीट 9 इंच का अंतर है। इस जोड़े की पहचान 33 साल के जेम्स लस्टेड और 27 साल की क्लोई के रूप में हुई है। ये दोनों ब्रिटेन के वेल्स में रहते हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने खुलासा किया है कि अलग-अलग लिंग के विवाहितों की श्रेणी में इस जोड़े की ऊंचाई में अंतर दुनिया में सबसे ज्यादा है। जेम्स लस्टेड एक टीवी शो में मूक अभिनय करते हैं। उनको डायस्ट्रोफिक डिसप्लेसिया के नाम से जाना जाने वाला एक दुर्लभ प्रकार का बौनापन है। जेम्स अपनी पत्नी क्लोई से पहली बार कॉमन फ्रेंड्स के जरिए एक पब में मिले थे। जेम्स और क्लोई ने साल 2016 में शादी की थी। इस दौरान दूल्हे ने सीढ़ी का इस्तेमाल करके चर्च में फादर के आदेश पर पत्नी को किस किया था। इस जोड़े की ओलिविया नाम की दो साल की एक बेटी भी है। क्लोई ने स्वीकार किया कि शुरू में वह लंबे कद के लड़कों के प्रति आकर्षित रहती थी, लेकिन जब वह जेम्स से मिली तो उसकी पसंद एकदम बदल गई।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन के बेटे ने कॉलगर्ल को दी 18 लाख की पेमेंट




**वाशिंगटन (ए)।** अक्सर विवादों में रहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को लेकर फिर एक बड़ा खुलासा हुआ है। खबरों के मुताबिक,हंटर ने गलती से रूसी वैश्या को अपने पिता के अकाउंट से 25 हजार डॉलर यानी करीब 18 लाख, 55 हजार रुपये का भुगतान किया था। खबर के मुताबिक, मई 2018 में हंटर ने रूस की एमराल्ड फैंटसी गर्ल्स एजेंसी से याना नाम की वैश्या को बुलाया था। हंटर ने याना को मैसेज भेजकर पूछा था कि वह होटल में हैं, और क्या वह अभी उपलब्ध है। याना होटल पहुंची, दोनों के बीच संबंध बने, वोडका पी और फिर पॉर्न वीडियो भी बनाया। इसके बाद कॉल गर्ल का पेमेंट हंटर ने अपने पिता जो बाइडन के खाते से किया था। सभी मैसेज, तस्वीरें हंटर के लैपटॉप में सेव थीं। हंटर अपने लैपटॉप को किसी डायरी की तरह ही रखते थे, जिसमें वह हर ईमेल और टेक्स्ट मैसेज में हुई बातचीत, फाइनेंशियल रिकॉर्ड वगैरह सेव रखते थे। हंटर अपना लैपटॉप डेलवेयर रिपेयर शॉप पर भूल गए थे और इस तरह से यह अमेरिकी जांच एजेंसी के हाथ लगा। खबर के मुताबिक, याना अगले कुछ दिनों तक हंटर के साथ रहकर उससे अपनी पेमेंट की मांग की। हालांकि, हंटर के डेबिट कार्ड काम नहीं कर रहे थे और याना भी अपने 8 हजार डॉलर लिए बिना जाने को तैयार नहीं थी। 24 मई की सुबह हंटर ने अपने कैश ट्रांसफर एप में गुलनोरा नाम की महिला को जोड़ा। यह महिला याना की बॉस थी।

हंटर ने गुलनोरा के अकाउंट में 8 हजार डॉलर ट्रांसफर किए लेकिन वह भी नहीं हुए। इसके कुछ ही मिनट बाद फाइनेंशियल सर्विस कंपनी वेल्स फार्गो ने हंटर को फ्रॉड डिटेक्शन अलर्ट भेजा। इसके बाद याना ने भी 8 हजार डॉलर अपने अकाउंट में ट्रांसफर करने की कोशिश की लेकिन वह नहीं हो सका। याना वापस चली गई लेकिन जब हंटर सोकर उठे तब तक उनके बैंक अकाउंट खाली हो चुके थे। कंप्यूटर में सेव रसीदों से पता लगता है कि जो ट्रांजेक्शन फेल हुए थे।

# शून्य लागत (जीरो बजट खेती)

कृषि में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों,संकर बीजों एवं अधिकाधिक भूजल उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति,उत्पादन भूजल स्तर और मानव स्वास्थ्य में लगातार गिरावट देखी जा रही है कृषि में बढ़ती लागत के कारण किसान की कृषि में रूचि कम होती जा रही है एवं वर्तमान कृषि बाजार पर निर्भर बनाती है इसलिए आवश्यकता है ऐसी

कृषि पद्धति की जिसमें किसान को बाजार पर निर्भर न रहना पड़े उत्पादन में भी गिरावट ना आए मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट ना हो खाद्यान्न विषैला ना हो जिससे मनुष्य निरोगी रहे और यह शून्य लागत अर्थात जीरो बजट खेती से ही संभव है

* शून्य लागत कैसे-

(1) मुख्य फसल की लागत सह फसल से निकाल लेना और मुख्य फसल को बोनस के रूप में लेना

(2) बीज,खाद,कीटनाशक आदि बाजार से ना लेकर इसका निर्माण घर पर करना

*शून्य लागत खेती का आधार-

जिस प्रकार बिना किसी मानवीय सहायता के जंगलों में खड़े हरे-भरे पेड़ व उनके साथ रहने वाले लाखों जीव जंतु इस प्राकृतिक व्यवस्था के अनुरूप खेती करना

*प्राकृतिक व्यवस्था- पौधों के पोषण के लिए सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रकृति मैं विद्यमान है उन्हें भोजन के रूप मे बदलने का कार्य मृदा में पाए जाने वाले सूक्ष्म जीव करते है इस पद्धति में पौधों को भोजन ना देकर भोजन का निर्माण करने वाले सूक्ष्म जीवो की उपलब्धता पर जोर दिया जाता है

पौधों के पोषण की प्रकृति में चक्रीय व्यवस्था है पौधे अपने पोषण के लिए मृदा से सभी पोषक तत्व ग्रहण करते हैं एवं फसल के पकने के बाद कास्ट पदार्थ (कूड़ा करकट)के रूप में मिट्टी में मिलकर अपघटित होकर मृदा को उर्वरा शक्ति के रूप में लौटते हैं

*कृषि में देसी गाय का महत्व-

एक देसी गाय के गोबर में करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं गाय के गोबर में गुड़ एवं अन्य पदार्थ डालकर किंडवन (Fermentation)की क्रिया के फलस्वरूप जीवामृत /घन जीवामृत से करोड़ों सूक्ष्म जीवाणु भूमि में उपलब्ध तत्वों से पौधों का भोजन निर्माण करते हैं

*कृषि में देसी केचुओ का महत्व-

केंचुआ मिट्टी बालू पत्थर खाता हुआ 15 फीट गहराई तक भूमि के अंदर जाता है नीचे से पोषक तत्वों को ऊपर लाता है तथा अपनी विस्टा को छोड़ता है जिसमें सभी आवश्यक पोषक तत्वों का भंडार होता है केंचुआ भूमि मैं दिन-रात करोड़ों छिद्र बनाकर भूमि की जुताई कर भूमि को मुलायम बना देता है इसलिए केंचुआ को प्राकृतिक हलवाहा भी कहा जाता है क्योंकि केंचुआ जिस छिद्र से नीचे जाता है कभी उससे ऊपर नहीं आता इससे मृदा की जल धारण क्षमता में भी वृद्धि होती है

*शून्य लागत प्राकृतिक कृषि के चरण-

1- वीजामृत (बीज शोधन)- 5 किलो गाय का गोबर, 5 लीटर गोमूत्र, 50 ग्राम चूना, एक मुट्ठी मिट्टी बरगद/ पीपल के पेड़ के नीचे से अथवा मेड की मिट्टी ले इसे 20 लीटर पानी में मिलाकर 24 घंटे रखें दिन में दो बार लकड़ी से घोले इससे 100 किलो बीज उपचार करें छांव में सुखाकर बुवाई करें

2- जीवामृत- जीवामृत सूक्ष्म जीवाणुओं का महासागर है जो पेड़ पौधों के लिए कच्चे पोषक तत्वों को पकाकर पौधों के लिए भोजन तैयार करते हैं गोमूत्र 5 -10 लीटर, गोबर 10 किलो, गुड़ 1- 2 किलो, दलहन आटा 1-2 किलो, एक मुट्ठी(100ग्राम) जीवाणु युक्त मिट्टी, पानी 200 लीटर मिलाकर ड्रम को जूट की बोरी से ढककर छाया में रखें सुबह शाम डंडा से घड़ी की सुई की दिशा में घोले 48 घंटे बाद छानकर 7 दिवस के अंदर ही प्रयोग करें

*जीवामृत प्रयोग विधि-

200 लीटर जीवामृत पानी के साथ धीरे-धीरे या टपक विधि से 1 एकड़ क्षेत्र में बहा दें छिड़काव विधि से पहला छिड़काव बुवाई के एक माह बाद 1 एकड़ में 100 लीटर पानी में 5 लीटर जीवामृत मिला कर दें दूसरा छिड़काव 21 दिन बाद 1 एकड़ में 150 लीटर पानी व 10लीटर जीवामृत मिलाकर दें तीसरा व चौथा छिड़काव 21-21 दिन बाद 1 एकड़ में 200 लीटर पानी व 20लीटर जीवामृत मिला कर दें आखिरी छिड़काव दाने में दूध बनने की अवस्था पर प्रति एकड़ में 200 लीटर पानी, 5 -10 लीटर खट्टी छाछ मिलाकर छिड़काव करें

*घन जीवामृत-

घन जीवामृत जीवाणुयुक्त सूखा खाद है जिसे बुवाई के समय या पानी के 3 दिन बाद भी प्रयोग कर सकते हैं गोबर 100 किलो, गुड़ 1 किलो, आटा दलहन 1 किलो, 100 ग्राम

जीवाणुयुक्त मिट्टी इसमें लगभग 5 लीटर गोमूत्र मिलाए जिससे हलवा/पेस्ट जैसा बन जाए इसे छाया में 48 घंटे तक बोरी से ढक कर रखें उसके बाद फैलाकर छाया में ही सुखा लें एवं बारीक करके बोरी में भरें इसका प्रयोग 6 महीने तक कर सकते हैं 1 एकड़ में एक कुंटल तैयार घन जीवामृत प्रयोग करना चाहिए

*आच्छादन/मल्चिंग-

जब भूमि का

कास्ठ पदार्थों, घास फूस या अन्य प्रकार से आच्छादन करते हैं तो सूक्ष्म पर्यावरण का निर्माण होता है और देसी केंचुआ,सूक्ष्म जीवाणुओं को उपयुक्त वातावरण मिलता है एवं मृदा नमी का वाष्पीकरण नहीं हो पाता या कम हो जाता है बाद में यह आच्छादन के प्रयोग में लाई गई सामग्री भूमि में अपघठित होकर मृदा उर्वरा शक्ति को बढ़ाती है इससे सह फसलों द्वारा भी भूमि को सजीव आच्छादन द्वारा ढका जा सकता है

*बेड व नाली व्यवस्था द्वारा जल की बचत-

जड़े सीधे पानी ना लेकर मिट्टी कणों के बीच वाफसा (50त्नहवा व 50त्नवाष्प) को लेती हैं ऊंचे तैयार बेड पर फसलों को नालियों द्वारा पौधों की सिंचाई वाफसा के रूप में उपलब्ध कराने से पानी बहुत कम लगता है नालियों को भी आच्छादन से ढक दिया जाता है जिससे वाष्पीकरण ना हो

### थरा वैक्सीन सेंटर पर आज रखा गया था 300 टीके का लक्ष्य

# कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान में, लोगों ने दिखाई जागरूकता और बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

## कुछ लोगों को मायूस होकर भी लौटना पड़ा

**भीमसेन सिंह तोमर**




**थरा /** कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान में शासकीय बालक हाई स्कूल पर मेगा शिविर आयोजित किया गया जिसमें आज 300लोगो को टीका देने का लक्ष्य रखा गया। सुबह सात बजे से ही वैक्सीन सेंटर पर लोगों का आना शुरू हो गया था। इसमें युवा, महिलाओं ने भी अपनी जागरूकता दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर भागेदारी और जिम्मेदारी निभाई। दोपहर दो बजे तक,266लोगो को टीके लगाए जा चुके थे। बाकी अम्बाह बी,एम ओ के निवेदन पर 44बोटल के डोज अम्बाह भेज दिए गए । तब वहां उपस्थित, लोगों को समझाइश देने के बाद उन्है मायूसी के साथ वापस लौटाया गया। जिसके चलते वहां लोगों में आवेश, और नाराजगी भी देखने को मिली। मौके पर उपस्थित शाला प्रबंधन ने लोगों को समझाइश का प्रयास कर बताया कि अम्बाह तहसील पैलेस पर स्टोक की कमी के चलते हमारे स्वास्थ्य अधिकारियों ने वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर वहां भेजने के कारण यह स्थिति बनी है। और आगे दो एक दिन में फिर से शिविर आयोजित किया जाएगा आप वहां पधारें। अतः डोज के अभाव में नियत समय से पहले ही वैक्सीन सेंटर बंद किया गया। इस शिविर में टीकाकरण कार्यक्रम में , टीकाकरण प्रभारी राजकुमार जैन,ए एन एम नीरज शर्मा, ए, एन एम संगीता तोमर, आशा कार्यकर्ता अनीता तोमर, संतोषी तोमर, महिला सुपरवाइजर ऊषा जैन,शाला प्रबंधन, सचिव अविलाख, रोजगार सहायक,श्याम सुन्दर सेंगर, ग्राम पंचायत चौकीदार आदि लोगों का सहयोग रहा।

## महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत एमपीसीसीआई में आज हुआ 801 लोगों का वैक्सीनेशन

### शाम को निकाले गये लक्की ड्रॉ में 7 लोगों ने जीता पुरस्कार

**ग्वालियर 24 जून।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) में 6 अप्रैल से अनवरत जारी वैक्सीनेशन शिविर में आज 24 जून को वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 801 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर के तहत 21 जून से आगामी 10 दिनों के लिए एमपीसीसीआई द्वारा लक्की ड्रॉ निकाला जा रहा है। इसी श्रंखला में आज शाम को लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिनमें निम्नलिखित । लोगों ने पुरस्कार जीता:-1. आकाश माहौर 2. सरिजा मंजू 3. विमल 4. रेणु राठौर 5. मेघदूत परचुरे 6. शिव प्रताप सिंह चौहान ।. अमित पाठक. 23 जून के विजेताओं को आज शाम लक्की ड्रॉ के बाद पुरस्कार वितरित किये गये। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहा कि आज जो लोग यहां उपस्थित हैं वह संकल्प लें और सर्वे करें जिन्हें वैक्सीन नहीं लगी है, उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। आपने सभी विजेताओं को बधाई दी। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस अवसर पर मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल को उनके जन्म दिवस की शुभकामनायें देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की तथा माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। मानसेवी सचिव डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आज 51वें जन्म दिवस के अवसर पर आप सभी से मिलीं शुभकामनायें मेरी स्मृति में हमेशा यादगार रहेंगी।

# 'कोरोना से जंग - वैक्सीन यानि जिंदगी का डोज'



**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

**भोपाल(पुष्पांजली टुडे)।** जिला प्रशासन के सहयोग एवं सीएफआई के वॉलिंटियर्स के द्वारा गुरूवार को कोलुआ कलान में आंगनबाड़ी क्रमांक-428 में शिशु टीकाकरण के अवसर पर डोरेमोन के माध्यम से महिलाओं को कोरोना टीकाकरण के बारे में जागरूक किया। सीएफआई वॉलिंटियर्स द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को समझाया। वॉलिंटियर्स मनीषा एवं अर्चना जो कि गर्भवती महिलाएं थी उनको तिरंगा झंडा आधारित पोषण आहार देकर इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए समझाइश दी गई।

पीपुल्स कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंसेस एंड रिसर्च सेंटर, भोपाल से डॉ. प्रीति नायर, हेड ऑफ डिपार्टमेंट ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी ने किशोरियों को गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को एनीमिया, पोषण आहार एवं कोरोना टीका के ऊपर और अपने दांतों को किस तरह से सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया।

कार्यक्रम में सीएफआई ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश खन्ना, एचओडी बेलू जॉर्ज, जोएल स्केरिया, साजू रीमा खैरवार, वंदना यादव, शीतल शाह, हेमलता सोनी, मनीषा शाह, खुशी गिरी, रुचि शाह, शीतल विश्वकर्मा ने सहयोग किया।

### गिरादडा गौशाला में पूर्णिमा पर

# भामाशाहो ने गौ माता को लापसी व हरा चारा खिलाकर दान पुण्य किया



***नेनाराम सीरवी।****पाली । निकटवर्ती ग्राम गिरादडा ग्राम की श्री चारभुजा गौशाला सेवा समिति मे पूर्णिमा के शूभ अवसर पर गौ माता की चुन्दरी ओढाकर पुजा अर्चना कर गायो को लापसी व हरा चारा व गुड खिलाया । साथ ही गौ माता के नाम दिन भर भजन कीर्तन कर इन्द्रदेव को मनाने का प्रयास कर अच्छी बारिश की खुशहाली कि कामनाएं की ।*

*इस मौके पर पुर्व जिला परिषद सदस्य श्रीदेवी पटेल , पुर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पायल पटेल व कविता पटेल, गुड़िया देवी राठोड़, भामाशाह हरिकिशन गहलोत, खिमसिंह राजपुरोहित, देवीसिंह मण्डली,हरिभाई पटेल रूपावास, संस्थापक नाथू भाई देवासी, डालूराम चौधरी, बाबुलाल नांगला, बदर राठी , वरदाराम देवासी सुरेश चौहान आदि लोग मौजूद थे ।*

# श्योपुर कोतवाली पुलिस की बड़ी कारवाई देर रात पकड़ा गौ वंश से भरा कंटेनर

### 35 गौ वंश किये बरामद एक तश्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक की रिपोर्ट**



मामला श्योपुर कोतवाली क्षेत्र का है जहा 23 जून की रात मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र से गौ तस्कर गोवंश से भरा कंटेनर लेकर निकल रहे थे,जहा मुखबिर की सूचना पर कोतवाली टीआई राजेश शर्मा ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए एस आई प्रेम सिंह और आरक्षक दिलीप शर्मा को रवाना किया, वही पुलिस टीम ने शिवपुरी रॉड वनविभाग कार्यलय के पास घेराबंदी कर दी, गौ तश्कर चालक पुलिस टीम को देख कंटेनर नम्बर आर जे 14 जी एच 4462 को खड़ा कर जंगल मे भागने लगा, जहा आरक्षक दिलीप शर्मा अकेले जंगल मे कूद पड़े जहा फुर्ती दिखाते हुए दिलीप शर्मा ने एक गौ तश्कर मोमिन निवासी इस्लाम पूरा टोंक राजस्थान को दौड़कर पकड़ लिया, पुलिस टीम ने कंटेनर खुलवा कर देखा तो कंटेनर गौ वँशो से भरा दिखा जिसमे पैतीस गौ वंश बरामद हुए जिसपर कंटेनर और गौ तश्कर को पकड़ कर कोतवाली लाया गया और कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए कंटेनर और तश्कर पर मामला दर्ज किया गौरतलब है जिले में इन दिनों गौ तश्कर अपने पैर पसार रहे है और जिले से गौ वँशो को लादकर राजस्थान में और सिवनी में लेजाकर निरीह गौ वँशो का वध किया जा रहा है जिस पर एस पी सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में कोतवाली टीआई राजेश शर्मा ने मुखबिर तंत्र को एलर्ट कर दिया है अब गो वंश की तस्करी करने वालो की खेर नही।

*श्योपुर सीटी कोतवाली नगरनिरीक्षक राजेश शर्मा का कहना है... गौ - वंश से भरा हुआ कन्टेनर राजस्थान से छत्तीसगढ़ जा रहा था ड्राइवर ने भागने का प्रयास किया.. ड्राइवर और क्लीनर पकड़े गए है उनसे पूछताछ की जा रही है और उन पर कायमी कर दी गई है!

# IIFL फाउंडेशन ने कोरोना वॉरियर्स को बांटे कोविड रिलिफ किट

**नेनाराम सीरवी।** पाली। रोहट IIFL फाउंडेशन मुंबई कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (ष्टस्क्र) पॉलिसी एवं Mission Conquer Covid अंतर्गत घर पर रहकर कोरोना से लड़ रहे मरीजों को कोरोना वॉरियर्स हेतु कोविड रिलिफ किट उपलब्ध कराने जा रही है जिस हेतु कोविड रिलिफ किट का शुभारंभ कार्यक्रम बुधवार को रोहट मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ तेजपाल चारण की अध्यक्षता में कोविड किट वितरण समारोह आयोजित किया

कार्यक्रम का संचालन फाउंडेशन के जिला प्रबंधक राज्यलक्ष्मी द्वारा किया गया व




IIFL फाउंडेशन द्वारा राजस्थान व अन्य राज्यों में मानव कल्याण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं Mission Conquer Covid अंतर्गत कोविड रोगियों के सहायतार्थ किए जा रहे कार्यो को विस्तार से बताया 7 साथ ही कार्यक्रम में रोहट ब्लॉक से उपस्थित कोरोना वरियर्स आंगनवाड़ी आशा सहयोगिनी को मुख्य अतिथि डॉक्टर तेजपाल चारण के हाथों कोविड रिलिफ किट प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे उनके क्षेत्र में प्रचार करें कि भविष्य में आने वाले कोविड मरीजों को कोविड रिलिफ किट फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं द्वारा तुरंत उपलब्ध कराए जाएंगे फाउंडेशन के निर्देशक श्रीमती मधु जी जैन द्वारा संदेश दिया गया कि मरीजों को उचित और समय पर इलाज आसानी से हो सके और मौतों की संख्या में कमी आए तथा घर पर रहकर कोरोना से लड़ रहे रोगी किट का उपयोग कर उचित मॉनिटरिंग व सावधानी बरत सके उसके लिए हमारी संस्था सेवा कार्य में हमेशा तत्पर है 7 इसके लिए ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और सभी आशा सहयोगिनी ने आई आई एफ एल फाउंडेशन को धन्यवाद दिया।

# महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी अलीगंज पर एक और टूटते परिवार का समझौता कराकर किया एक साथ विदा

**ब्यूरो सोनू कुमार माथुर**



एटा जनपद के थाना अलीगंज पर अभी हाल ही में बनाई गई महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक श्रीमती शांति देवी द्वारा एक ऐसे परिवार को जो आपसी मनमुटाव के कारण लगभग टूटने की कगार पर था, काउंसलिंग कर आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ रहने को राजी किया गया है। जिसमें आज दिनांक 24/06/2021 को करन कुमार पुत्र जगदीश निवासी मौ0विकास नगर नई वस्ती कस्बा व थाना अलीगंज जनपद एटा आवेदक की पत्नी अन्जू नि0 जिरौलिया थाना जैथरा दोनो उपस्थित आये।दोनो का सुलहनामा कराया गया व सकुशल घर भेजा गया। एटा पुलिस द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास निश्चित रूप से आज के समाज में पुलिस की छवि को और भी सकारात्मक दिशा प्रदान करने वाले हैं, टूटते दाम्पत्य जीवन को फिर से एक माला में पिरोने का जो कार्य पुलिस द्वारा किया जा रहा है, परिजनों एवं आमजन द्वारा उसकी भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# राष्ट्रवाद की विचारधारा के अग्रदूत- जम्मू-कश्मीर की समस्या के निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले श्यामाप्रसाद मुखर्जी ही थे : संध्या राय

**गोहद।**

भारतीय जनता पार्टी गोहद नगर में श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि का कार्यक्रम प्रत्येक पोलिंग बूथ पर किया गया। वार्ड नं 12 के पोलिंग बूथ क्रमांक 147 पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती संध्या राय उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष विवेक जैन व मंच संचालन महामंत्री आशीष शर्मा व आभार व्यक्त वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश कुशवाह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यर्पण कर हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संध्या राय ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद के इतिहास में अगर किसी राजनेता का स्मरण आता है तो वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। देश की एकता और अखंडता के लिए मुखर्जी का बलिदान तब फलीभूत हुआ जब देश ने अनुच्छेद 370 को निर्मूल होते देखा। वह इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। भारत माता के ऐसे महान सपूत के सर्वोच्च बलिदान को नमन करती हूं। राष्ट्रवाद की विचारधारा, देश की एकता और अखंडता के लिए प्रतिबद्धता तथा राजनीतिक विकल्प के बीजारोपण के लिए आजादी के बाद के इतिहास में अगर किसी एक राजनेता का स्मरण आता है तो वह डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हैं। बेशक आजादी के बाद डॉ. मुखर्जी बहुत अधिक समय तक जीवित नहीं रहे, लेकिन छोटे कालखंड में ही वैचारिक राजनीति के लिए उन्होंने बड़े अधिष्ठान चिन्ह प्रस्थापित किए। जम्मू-कश्मीर की समस्या को पहचानने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे

जम्मू-कश्मीर की समस्या को पहचानने तथा इसके समूल निस्तारण के लिए पुरजोर आवाज उठाने वाले डॉ. मुखर्जी ही थे। बंगाल विभाजन की परिस्थिति के बीच भारत के




हितों का पक्षधर बनकर अगर कोई खड़ा हुआ तो वह डॉ. मुखर्जी ही थे। आजादी के बाद सत्ता में आई कांग्रेस द्वारा देश पर थोपी जा रही अभारतीय तथा आयातित विचारधाराओं का तार्किक विरोध कर भारत, भारतीय तथा भारतीयता के विचारों के अनुरूप राजनीतिक विकल्प देश को देने वालों में अग्रणी डॉ. मुखर्जी ही थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अर्चना शर्मा, महेश श्रीवास्तव, अविनाश भटेले, रामसिया जाटव, भीकम कौशल, मीडिया प्रभारी सौरभ पांडेय, विनोद माहोर, जुगल सोनी, विक्रम यादव, विकास श्रीवास, प्रमोद कामत, प्रदीप भरद्वाज, प्रताप कुशवाह, रामप्रसाद कुशवाह, सन्तोष राठौर, विद्यराम शेजवार, धर्मन्द्र दुबे, रिंकू भटेले, दिनेश श्रीवास, भोलाराम बाथम, मुन्ना तोमर, संजय झा, राहुल खुरासिया, केपी राठौर, बीरेंद्र यादव, मनोज थापक, राजेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

शोकाकुल परिवारों के बीच पहुची सांसद :- अपने गोहद प्रवास के दौरान संध्या राय भाजपा नेता राधेश्याम गौड़ की दादी, भगवान सिंह बघेल के यहाँ, अशोक बाथम की पत्नी, स्वदेशी जागरण मंच के विभाग सयोजक आचार्य बृजमोहन शर्मा के पिता, पूर्व नपा अध्यक्ष रामसनेही शर्मा (बुआ), गब्बर सिंह गुर्जर के भतीजे, शेलेन्द्र भदौरिया की माँ, रामप्रसाद कुशवाह की भाभी, विनोद यादव के शोक सवेदना व्यक्त की।

# मंत्री के निरीक्षण के बावजूद भी बिजली समस्या जस की तस

## उमस के दिनों ट्रपिंग और कटौती ने बढ़ाई परेशानी

भिण्ड। भले ही ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भिंड शहर की गलियों में घूमे। लोगों से बिजली को लेकर बातचीत की। प्रशासनिक दल बल के साथ मंत्री तोमर ने लोगों से वायदा किया था कि बिजली की कमीं नहीं होने देंगे। इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। यहां सप्लाई में सुधार नहीं हो सका। छोटे-छोटे फॉल्ट के लिए घंटों बिजली गुल रह रही है। जिले की पब्लिक, गर्मी और उमस से जूझ रही है। इन दिनों जिले का पारा बढ़ा हुआ है। उमस व गर्मी लोगों को बेहाल किए हुए है। ऐसे में मिनट दो मिनट भी बिना बिजली के रहना मुश्किल हो रहा है। इस मौसम में बिजली का लोड 40 लाख यूनिट प्रतिदिन के आस पास पहुंच रहा है। जिले के ढाई लाख उपभोक्ता बिजली की लुका-छिपी से परेशान है। यद्पि भिंड शहर की बात करें तो यहां पर भी निरंतर बिजली का अभाव देखने को मिल रहा है। यहां हर दो घंटे में एक बार बिजली ट्रपिंग होती है। इस सबके पीछे है बिजली सप्लाई सिस्टम में घटिया उपकरणों का उपयोग किया जाना। ट्रांसफार्मर से लेकर, कंडक्टर, बिजली केबल, एबी स्विच, ट्रांजेक्शन बॉक्स, एलएसडी बॉक्स, जंपर, डिस्टीव्यूशन बॉक्स के अलावा अन्य उपरकण। कब कहां फॉल्ट आ जाए। इस बात की गारंटी कोई नहीं ले पा रहा है। बिजली कर्मी एक फॉल्ट ठीक करने से पहले दो से तीन शिकायतें पेंडिंग लेकर चलते है। इस वजह से घंटों सप्लाई ठप रहती है।

## एफओसी पर रात 12 बजे शिकायत कराओ दर्ज, सुबह 8 बजे होगी सुनवाई

शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण व कस्बा स्तर पर हालात बुरे हैं। यहां बिजली के घटिया उपकरण के साथ ही संसाधनों की कमीं का रोना राया जा रहा है। यहां बिजली कंपनी पर्याप्त मात्रा में मानव संसाधन नहीं है। यही कारण है लहार, दबोह, आलमपुर, मिहोना, रौन, अटेर, फूप, अकोड़ा, गोरमी, मेहगांव, गोदह, मौ कस्बे में दो एफओसी टीम ही काम कर रही है। जबकि इन कस्बों में हर दिन फॉल्ट ज्यादा निकल रहे है। रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक एफओसी टीम नहीं होती है। रात के समय जो ऑन लाइन शिकायतें दर्ज कराई जाती है उनकी सुनवाई सुबह आठ बजे के बाद सुनवाई की जाती है। ऐसे में कई बार पूरी रात बिजली गुल होने से लोगों को रतजगा करना होता है।



## बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे

अटेर रोड पर रहने वाले विनोद कुमार का कहना है कि शहर की बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे है। यहां कब बिजली आए कब जाए कोई गारंटी नहीं।

## मंत्री के आने का भी कोई फायदा नहीं

बस स्टैंड पर रहने वाले आनंद कुशवाह का कहना है कि बीते दिनों शहर की बिजली व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए रात के समय ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर आए थे। सुबह से व्यवस्था का ढर्रा जस का तस है। ऊर्जा मंत्री के निरीक्षण का कोई फायदा नहीं हुआ।

## लोड अधिक है फिर भी बेहतर सप्लाई दे रहे

बिजली कंपनी के दिनेश सुखीजा का कहना है कि शहर जिलेभर में बिजली का लोड अधिक है। बेहतर व्यवस्था के साथ बिजली सप्लाई दी जा रही है।

# व्यापार मंडल धर्मशाला भिण्ड में जिले के युवा आशुतोष ने लगवाया खुशियों का टीका



## शासन एवं जिला प्रशासन को दे रहे हैं धन्यवाद

भिण्ड । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2021 को पूरे प्रदेश के साथ ही जिले में भी कोरोना वैक्सीनेशन का महा-अभियान प्रारंभ हुआ। महा-अभियान के शुभारंभ दिवस पर व्यापार मंडल धर्मशाला भिण्ड में पहुंचकर जिले के युवा आशुतोष ने खुशियों का टीका लगवाया। आशुतोष ने बताया कि टीका लगवाने का उनके मन में बहुत उत्साह था। टीकाकरण करवाकर वे बहुत गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके परिजन भी कोरोना का टीका लगवा चुके हैं। उन्होंने टीके को पूर्णतः विश्वसनीय एवं सुरक्षित बताया। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि टीकाकरण अवश्य कराएं। आशुतोष ने 18 से 44 वर्ष एवं 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के आमजन से आह्वान किया कि वे भी कोविड-19 का टीकाकरण कराएं और प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन करें। शासन द्वारा सभी को निःशुल्क वैक्सीनेशन लगाए जाने पर वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान तथा जिला प्रशासन को

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान जम्मू कश्मीर की विचारधारा को लेकर हुआ : लाल सिंह आर्य

## भाजपा ने भिण्ड जिले के 1480 बूथ केन्द्रों पर मनाया डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस

भिण्ड। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने अपने व्यक्तित्व और कृतत्व से संविधान को बचाने के लिए आखिरी सांस तक संघर्ष किया। डॉ. मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने के लिए एक आंदोलन देश में ख?ा किया। उनका हमेशा यहीं कहना रहा कि एक देश में दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे-नहीं चलेंगे। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को झकझोर कर रख दिया। कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग हैं, जो भारत का मुकुट हैं। उसकी रक्षा के लिए डॉ. श्याामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना बलिदान हंसते-हंसते दे दिया। उपरोक्त उद्गार उन्होंने भिण्ड शहर के विद्यावती विद्यालय परिसर के सभागार में भाजपा द्वारा आयोजित डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मुकेश चैधरी मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक राममिलन शर्मा एडवोकेट एवं आभार कार्यक्रम संयोजक अशोक सिंह कुशवाह बाराकलां ने किया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत की संसद में डॉ. मुखर्जी की विचारधारा को लेकर कश्मीर से धारा 370, 35ए को हटाने का प्रस्ताव रखा। विरोधी दलों के कड़े विरोध के बावजूद भी दोनों सदनों में बिल को पास करते हुए जम्मू-कश्मीर के विकास की दिशा में काम किया। आज कश्मीर की जनता ने मोदी जी के निर्णय को स्वीकार कर विकास की दिशा में आगे बढ़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा के संगठन का जो बीज बोया था, आज वह पूरे देश में 20 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से वटवृक्ष बनकर उभरा है। जिसकी छत्रछाया में हम सब बैठे है। उन्होंने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ समय पूर्व पाकिस्तान ने पुलवामा में हमारे भारतीय सैनिकों को मार गिराया था, जबाव में भारतीय सेना ने कठोर निर्णय लेकर एयरस्ट्राइक कर पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का काम किया।




# नाले में गिरने से युवक की मौत, एक घायल



भिण्ड। जिले के लहार तहसील में एक युवक को उस समय जान गवांनी पड़ी। जब वो अपने एक साथी के साथ बाइक से जा रहा था। बाइक सवार युवक का संतुलन बिगड़ा और वो नाले में जा गिरा। इस घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के मुताबिक पुराना बाजार निवासी मंगू उर्फ साबिर खान पुत्र अनवर खान अपने साथी सतीश गुप्ता के साथ बाइक पर सवार होकर नया बस स्टैंड की तरफ जा रहा था। तभी गुरुदेव के पास पहुंचा। यहां बाइक सवार का संतुलन बिगड़ गया। वो सीधे सड़क किनारे नाले में बाइक समेत जा गिरा। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक बाइक सवार दोनों मंगू उर्फ साबिर व सतीश गुप्ता नाले में गिरने के बाद लोगों ने निकाला। इस घटना में मंगू उर्फ साबिर की मौके पर मौत हो गई। वहीं, सतीश गंभीर रूप से घायल हुए। यह सूचना लगते ही मौके पर पुलिस आ गई। मृतक का पीएम कराया गया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## बिजली पोल बन रहे हादसे का कारण

लहार की मुख्य सड़क पर अधूरे डिवाइडर व उन पर खड़े बिजली पोल हर वक्त हादसे को न्यौता देते हैं। शहर की सड़क उखड़ी हुई है जिस पर तेज रफ्तार रेत से भरे ट्रैक्टर व डंपर दौड़ते है। वाहन कब किस ओर से तेज रफ्तार में निकले इस बात को कोई

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे व्यक्तित्व ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र समाज सेवा और जम्मू कश्मीर को न्याय दिलाने के लिए नौछावर कर दिया: नरेंद्र कुशवाह

## शिव उत्सव वाटिका में किया वृक्षारोपण

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनसंघ के प्रेरणा स्रोत एवं जम्मू कश्मीर आंदोलन के महाजनक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम भाजपा सुभाष मण्डल द्वारा शिव उत्सव वाटिका परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया टीपू ने की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 11.11 वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भाजपा सुभाष मंडल द्वारा आयोजित डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय समाज सेवा और जम्मू कश्मीर को न्याय दिलाने के लिए नौछावर कर दिया। हम सब उनके विचारों पर आगे आकर संगठन को गति प्रदान करेंए यही उनके लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित होगी। पूर्व विधायक कुशवाह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अटेर रोड स्थित शिव उत्सव वाटिका परिसर में वृक्षारोपण भी किया।



# आपातकाल का काला दिवस कार्यक्रम आज

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी के द्वारा आज 25 जून शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे स्थान जयवीर पुरोहित का आवास माथुर टेंट हाउस के पीछे गोरमी में आपातकाल का काला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है । जिसमे जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष मीसाबंदी केशव सिंह भदौरिया रहेंगे। इस कार्यक्रम में गोरमी मण्डल के, सभी बूथ अध्यक्ष पालक संयोजक सह संयोजक मंडल कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं गोरमी मंडल में निवास करने वाले पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहना है एवं बूथ स्तर पर गोरमी मंडल में इस कार्यक्रम को अपने अपने बूथ पर करना है।

# पिता की हत्या का बदला लेने बदमाशों ने थाने के सामने युवक को मारी गोली

## गोली की आवाज सुनते ही पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पहुंचाया अस्पताल

## गोलीवारी की वारदात को अंजाम देकर आरोपी हुए फरार, पुलिस ने किया मामला दर्ज

भिण्ड। ऊमरी थाना क्षेत्रान्तर्गत एक युवक जब थाने के सामने किसी से बात कर रहा था, इसी दौरान जान से मारने की नियत से बदमाशों ने फायरिंग शुरु कर दी, जो गोली युवक को छूते हुए निकल गई और छर्रे गर्दन में लगने से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपीगण मौका पाकर भागने में कामयाब हो गये। घायल को उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने जब घायल का बयान लिया तो उसने बताया विगत 4 से 5 वर्ष पहले पंचायत चुनाव को लेकर झगड़ा हुआ था जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी, तभी से पुरानी रंजिश के चलते बदला लेने की नियत से फायरिंग कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। थाना प्रभारी विनय सिंह तोमरने बताया घायल राकेश ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुये बताया कि मैंने विगत 2014 में पंचायत चुनाव लड़ा था, जिसमें आरोपी लंबे अर्से से मुझे जान से मारने की फिराक में घूम रहा थे और गुरुवार को मौका मिलने पर थाने से महज कूछ दूरी पर उसे कट्टे से गोली मार दी, जो उसके गर्दन को छूते हुये निकल गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## पिता की हत्या का बदला लेने की नियत से मारी गोली

स्थानीय रहवासियों ने बताया कि घायल राकेश ने आरोपी दीपू यादव व जीतू यादव के पिता वीरेन्द्र उर्फ झींगूरी यादव की 2015 में हुये पंचायत चुनाव के ठीक बाद हत्या कर दी थी, अपने पिता की निर्मम हत्या का बदला लेने की जुगत में आरोपी काफी दिनों से तलाश में था और गुरुवार को अकेला देखकर जैसे ही मौका मिला तो कट्टे से गोली मारकर भाग गया, लेकिन राकेश के गर्दन को गोली छूते हुये निकल गई और वह बच गया। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

## आरोपी जमानत पर आया था बाहर

घायल राकेश ने पंचायत चुनाव के कुछ दिनों बाद आरोपी के पिता की निर्मम हत्या कर दी थी, तभी ऊमरी पुलिस ने उसे दबोचकर मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था, तभी वर्तमान में फरियादी जमानत पर जेल से बाहर चल रहा था और मौका देखकर थाने के सामने वारदात को अंजाम दिया और मौका पाकर भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिये हैं।

## राजनीति से ताल्लुक रखती हैं दोनो पार्टियां

दोनों पार्टियां राजनीति से ताल्लुख रखती हैं और दोनों पार्टियां मूलरूप से बर्चस्वधारी हैं और दोनों परिवारों के सदस्य किसी न किसी चुनाव में अपना हस्तक्षेप करते हैंए केवल बर्चस्व को लेकर दोनों परिवारों में आये दिन झगड़ा भी देखे गये हैं।

# जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन 26 जून को

भिण्ड । ब्लड बैंकों में खून की कमी के कारण जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त नहीं मिल पाने की परिस्थिति पर विचार करते हुए मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 26 जून 2021 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड द्वारा जिला न्यायालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे सभी व्यक्ति जिन्हें कोविड-19 की वेक्सीन का प्रथम या अंतिम डोज लगवाये हुए 14 दिन या उससे अधिक दिन हो चुके है, वे रक्तदान हेतु जिला न्यायालय परिसर में सादर आमंत्रित है। रक्तदान शिविर के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग एवं ब्लड बैंक भिण्ड का आवश्यक सहयोग रहेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड अभिभाषक संघ भिण्ड न्यायालयीन अधिकारियों/कर्मचारियों, जनसामान्य एवं एन.जी.ओ. ग्रुप के सदस्यों से अपील करता है कि रक्तदान कर सहयोग करें।

## नैनो न्यूज

### ग्वालियर जिले के 8 पुराने जलाशयों को सहेजने के लिए 627 लाख की स्वीकृति राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह के प्रयासों से मिली है मंजूरी

**ग्वालियर।** जिले के 8 पुराने जलाशयों (तालाबों) के जीर्णोद्धार के लिए राज्य शासन ने 627 लाख 57 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है । प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह के विशेष प्रयास से इन जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए सरकार ने इतनी बड़ी धनराशि मंजूर की है । ये जलाशय जिले के विधान सभा क्षेत्र ग्वालियर ग्रामीण के अंतर्गत स्थित हैं। राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र में भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से इन तालाबों के गहरीकरण और जीर्णोद्धार की क्षेत्रीय ग्रामीणजन लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। श्री कुशवाह ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से विशेष आग्रह कर उन्होंने इन तालाबों की मंजूरी दिलाई है। श्री कुशवाह ने बताया कि इन तालाबों का रिनोवेशन होने के बाद तालाबों के आसपास के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। पेयजल स्त्रोतों का जल स्तर बढ़ने से जहाँ ग्रामीणों को पीने के लिए पानी मिलेगा वहीं मवेशी की भी पानी की समस्या भी हल होगी। साथ ही खेती की सिंचाई भी हो सकेगी। श्री कुशवाह ने कहा आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के निर्माण के लिए राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है । कोरोना काल की विषम परिस्थितियों के बावजूद सरकार विकास कार्यों और किसानों के कल्याण से संबंधित योजनाओं को विशेष प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में इन तालाबों के जीर्णोद्धार को सरकार ने मंजूरी दी है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### गाली गलौज कर की फायरिंग

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के फूलपुरा गांव मे सरपंच को बुलाने को लेकर हुए विवाद में युवकों ने गाली गलौज कर फायरिंग कर दी। फायरिंग में पास ही रहने वाली महिला घायल हो गई। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए पहुंचाकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के फूलपुरा निवासी रामवरन गुर्जर पुत्र श्रीलाल गुर्जर किसान है। बीते रोज उनके घर पर मायाराम गुर्जर, रामनरेश गुर्जर उर्फ बन्ना गुर्जर लिनवासी अलापुर एवं दो अन्य आए और बोला कि सरपंच को अपने यहां क्यों बुलाते हो। इस पर विवाद होने लगा और जब उन्होंने विरोध किया तो थोड़ी दूर जाकर आरोपियों ने फायरिंग कर दी। फायरिंग की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की। पुलिस जांच कर रही थी कि तभी पता चला कि थोड़ी दूर अपने घर में सो रही उर्मिला पत्नी वकील सिंह फायरिंग से घायल हो गई है और उसके छर्रें लगे हैं। इसका पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों बताया कि महिला को सिर्फ छर्रें लगे हैं।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत हुए

**ग्वालियर।** एसोसिएशन आफ ग्वालियर यूथ सोसायटी और संरचना समिति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत हुए। समारोह को कोविड की वजह से चार भागों में विभाजित किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व सभापति बृजेंद्र सिंह जादौन थे। अध्यक्षता भांडेर की पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया ने की। अतिथियों का स्वागत अशोक जैन और राजेश त्रिपाठी ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चे खुद को निखारने के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं में शामिल होते रहें। समारोह में चित्रांकन, मदर्स डे और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टीका लगवाने वाले 50 विजेताओं का निकला लक्की ड्रॉ कोरोना टीकाकरण महाअभियान

### उपहार में मिलेंगे टीवी, फ्रिज, कूलर, पंखा, डिनर सेट, मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक प्रेस व कुकर

**ग्वालियर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कोरोना का टीका लगवाने वाले जिले के 50 भाग्यशाली विजेताओं के नाम कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की मौजूदगी में लक्की ड्रॉ के जरिए तय किए गए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले में हुए कुल टीकाकरण की सूची में से लक्की ड्रॉ के जरिए इन विजेताओं का चयन हुआ है। इन विजेताओं को प्रोत्साहन स्वरूप टीवी, रेफ्रिजरेटर, डेजर्ट कूलर, सीलिंग फैन, मिक्सर ग्राइंडर, प्रेस, प्रेशर कुकर और डिनर सेट उपहार स्वरूप दिए जायेंगे। ज्ञात हो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित हुए कोरोना टीकाकरण महाअभियान में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने लक्की ड्रॉ के जरिए प्रोत्साहन स्वरूप उपहार देने का निर्णय लिया था। गुरूवार को कलेक्टर के सभागार में विजेताओं के नाम तय करने के लिए निकाले गए लक्की ड्रॉ के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आर के गुप्ता सहित



अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**ये हैं भाग्यशाली विजेताः** भितरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर टीकाकरण कराने वाले श्री हरीकिशन को लक्की ड्रॉ में उपहार स्वरूप 40 इंच का टेलीविजन सेट निकला है। इसी तरह ग्राम बस्तरी निवासी श्री जण्डेल को 190 लीटर का रेफ्रिजरेटर एवं ग्राम बंधौली के श्री बनवारीलाल को लक्की ड्रॉ में डेजर्ट कूलर मिला है। इनके अलावा 5 - 5 लोगो का चयन मिक्सर ग्राइंडर व सीलिंग फैन, 11 - 11 लोगों का चयन प्रेशर कुकर व डिनर सेट तथा 15 लोगों का चयन लक्की ड्रॉ के जरिए इलेक्ट्रिक प्रेस के लिए हुआ है। जिन लोगों को यह पुरस्कार दिए जायेंगे, उनमें सर्वश्री रमेश प्रजापति ग्राम भौरी, दिनेश ग्राम बेरजा, श्रीमती मीना पाल अल्पना टॉकीज सेंटर मुरार, श्रीमती ज्ञानदेवी परमार डीडीनगर, सर्वश्री अशोक कोष्टि गोरखी पानी की टंकी, आरिफ खान अनुसूचित जाति बस्ती किलागेट, कृष्णा जोन नं.-3 लूटपुरा, विशाल मिसहिल स्कूल, कालूराम तोमर शब्दप्रताप आश्रम, संजय पाल यूपीएचसी हुरावली, वसीम खान यूपीएचसी पंत नगर, कु. कुलदीप कौर बड़कीसराय, कु. सपना रावत बाजना, श्रीमती गीता बाई बेलगढा, सलमान खान देवगढ़, श्रीमती गुरदीश कौर दौलतपुर, सर्वश्री दीपक ग्राम इकहरा, पप्पू परिहार खडौआ, भूपसिंह मऊछ, कल्लू पचौरा, कु. पूजा बिलौआ, गुमान सिंह गोना डबरा, हेमंत छीमक दफाई, श्री मनीराम डबका एवं श्रीमती शांतिबाई हस्तिनापुर शामिल हैं।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कलेक्टर, एसपी और निगम आयुक्त के साथ किया क्षेत्र का भ्रमण

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि उपनगर ग्वालियर के सागरताल को जन आकर्षण का केन्द्र बनाया जाए। ताल की साफ-सफाई के साथ ही प्रकाश व्यवस्था को भी और बेहतर बनाया जाए। मंत्री श्री तोमर ने गुरूवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी एवं नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा के साथ उपनगर ग्वालियर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए यह निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सागरताल के निरीक्षण के दौरान ताल में गंदगी को देखकर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सागरताल की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। ताल के चारों ओर लगी जालियों को चुस्त-दुरूस्त कराया जाए। इसके साथ ही सागरताल के चारों ओर आकर्षक विद्युत की सजावट भी की



जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास के माध्यम से सागरताल को पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित करने की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक से सागरताल पर पुलिस चौकी स्थापित करने की व्यवस्था करने का भी आग्रह किया। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बरसात से पूर्व नालों की सफाई के लिये विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान कहीं पर भी नालों की सफाई न होने के कारण पानी नहीं भरना चाहिए। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की भी निरंतर मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। कई क्षेत्रों में पानी न आने की शिकायत का निराकरण भी तत्परता से कराया जाए। मंत्री श्री तोमर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान गंदगी पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। घासमण्डी स्वास्थ्य केन्द्र तथा शीलनगर के मुक्तिधाम मार्ग पर गंदगी को देखकर सफाई के लिये विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बरसात से पूर्व स्ट्रीट लाईट के संधारण का कार्य भी करने के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा से कहा कि स्ट्रीट लाईटों के संधारण के लिये निगम की टीम रात में शहर का भ्रमण करे। भ्रमण के दौरान जो भी स्ट्रीट लाईट खराब पाई जाए, उसको तत्काल ठीक करने की कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अधिकारियों के साथ सागरताल चौराहे का भी निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही सड़क निर्माण की प्रगति के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अमृत योजना के तहत पानी एवं सीवर की लाईन जो चौराहे पर डाली जा रही है उसका कार्य तत्परता से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

**विद्युत समस्या के निराकरण हेतु ऊर्जा मंत्री पहुँचे हरिहर नगरः** उपनगर ग्वालियर के हरिहर नगर में शॉर्ट सर्किट से 50 घरों की बिजली बंद हो जाने की शिकायत मिलने पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और विद्युत लाईन के संधारण का कार्य अपने सामने ही शुरू कराया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हरिहर नगर में विद्युत आपूर्ति ठीक करने हेतु जो भी आवश्यक कार्य हैं उसे तत्काल कराया जाए।

### महा वैक्सीनेशन अभियान के तहत एमपीसीसीआई में आज हुआ 801 लोगों का वैक्सीनेशन

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) में 6 अप्रैल से अनवरत जारी वैक्सीनेशन शिविर में आज 24 जून को वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत 801 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया एमपीसीसीआई में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर के तहत 21 जून से आगामी 10 दिनों के लिए एमपीसीसीआई द्वारा लक्की ड्रॉ निकाला जा रहा है इसी श्रंखला में आज शाम को लक्की ड्रॉ निकाला गया, जिनमें निम्नलिखित 7 लोगों ने पुरस्कार जीता 1. आकाश माहौर 2. सरिजा मंजू 3. विमल 4. रेणु राठौर 5. मेघदूत परचुरे 6. शिव प्रताप सिंह चौहान अमित पाठक. 23 जून के विजेताओं को आज शाम लक्की ड्रॉ के बाद पुरस्कार वितरित किये गये पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहा कि आज जो लोग यहां उपस्थित हैं।

# कसम दिलाकर कोल्डड्रिंक पिलाई और लूट ली अस्मत



**ग्वालियर।** ग्वालियर में कोल्डड्रिंक में नशीली दवा पिलाकर दो युवकों ने इंदौर की महिला से गैंगरेप किया। महिला पति से अनबन होने पर अपनी मां के पास आई थी। पड़ोस में रहने वाले दो युवकों ने मां-बेटी को कोल्डड्रिंक दी। मना करने पर कसम दिलाकर पिला दिया। उसमें नशा होने की वजह से दोनों बेसुध हो गई। इसके बाद महिला से गैंगरेप किया।

घटना शहर के माधौगंज थाना क्षेत्र के नादरिया की माता के पास गुढ़ा की है। पीड़िता ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ होने के कारण वह अचेत हो गई। होश में आने पर पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के नादरिया माता मंदिर के पास गुढ़ा निवासी 22 वर्षीय युवती की शादी इंदौर में हुई थी। कुछ समय से पति से अनबन होने के कारण पीड़िता अपने माता-पिता के पास रह रही है। बीते रोज उसके भाई व भाभी किसी काम से मुरैना गए थे और घर पर पीड़िता व उसकी मां थे। रात करीब 11 बजे पास ही रहने वाले चंदन व प्रताप नामक युवक आए और गेट खटखटाया। जिस पर पीड़िता गेट खोलने पहुंची तो चंदन व प्रताप ने उससे पानी की बोतल मांगी और मां से मिलने की बात कही और वह अंदर आ गए। मां ने बातचीत करने के लिए सुबह आने को बोला तो उन्होंने कोल्डड्रिंक की बोतल निकाल ली और कहा कि वह तो उनके लिए कोल्डड्रिंक की बोतल लेकर आए हैं।

### कसम दिलकार पिलाई थी कोल्डड्रिंक

जब मां-बेटी ने कोल्डड्रिंक पीने से इनकार किया तो चंदन व प्रताप ने जबरन कसम खिलाकर पिलाई। कोल्डड्रिंक पीते ही उसकी मां पर बेहोशी छा गई और उसे भी हल्का नशा होने लगा। नशा होते ही प्रताप ने दरवाजा बंद कर दिया और उसे खींचकर दूसरे कमरे में ले जाने लगे। जब उसने दूसरे कमरे में ले जाने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जमीन पर पटक दिया और उसके साथ गैंगरेप किया। उसने विरोध करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। वारदात के बाद पीड़िता बेहोश हो गई और आरोपी उसे उसी हालत में छोड़कर भाग गए। इस मामले में एएसपी सतेंद्र सिंह तोमर का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी फरार है। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# एक दिन पहले जमीन का सौदा, दूसरे दिन मिला शव

**ग्वालियर।** विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय की छत पर गुरुवार की सुबह चौकीदार की लाश मिली है। चौकीदार की गर्दन तथा घुटने पर चोट के निशान भी मिले हैं। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मौत का असल कारण पता नहीं चला है, लेकिन हत्या से भी इनकार नहीं किया। मौत का असल कारण जानने के लिए पुलिस ने मृतक की लाश पीएम हाउस भेज दी है।



बिजौली उदयपुर निवासी जनवेद सिंह (50) पुत्र बुद्धाराम पाल पीडब्ल्यूडी विभाग में चौकीदार के पद पर पदस्थ हैं और अभी उसकी ड्यूटी सिटी सेंटर स्थित लोक निर्माण विभाग में है। आज सुबह जनवेद का छोटा बेटा लखन वहां पर पहुंचा तो वह लोक निर्माण विभाग कार्यालय की छत पर मृत हालत में मिले। तुरंत ही मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को निगरानी में ले लिया है।




# 30 के बाद बढ़ेगा बाजारों का समय, कोचिंग सेंटरों के लिए शासन के निर्देशों का इंतजार



**ग्वालियर।** अनलॉक के अगले चरण में 1 जुलाई से बाजारों का समय बढ़ाया जा सकता है। प्रदेश सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सभी तरह के बाजार रात 10 बजे तक खोले जाने की अनुमति दी गई। लेकिन स्थानीय स्तर पर जिला क्राइसिस मैनेजमेंट बैठक में इस समय को रात 8 बजे तक ही रखा गया है। अब ये समय अब 10 बजे किया जाएगा। फिलहाल रेस्त्रां व फूड सेंटरों को रात 10 बजे तक की छूट मिली हुई है। सूत्रों के अनुसार जुलाई में वैक्सीनेशन एवं 50 प्रतिशत क्षमता जैसी कुछ पाबंदियों के साथ कोचिंग सेंटर खोले जा सकते हैं। ज्ञात रहे बीते रोज मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान इस बात के संकेत भी दिए थे। सांसद विवेक शेजवलकर समेत कई जनप्रतिनिधियों ने कोचिंग सेंटरों को शुरू किए जाने के लिए भी सीएम से कहा था।

**बेफिक्री-शादियों के लिए खरीदारी के बीच सख्ती गायबः** कोरोना कर्फ्यू को अनलॉक किए जाने के साथ ही बाजार एवं सार्वजनिक स्थानों पर प्रशासन, पुलिस की सख्ती भी खत्म हो चुकी है। सीएम ने निर्देश दिए थे कि संक्रमण से बचाव के लिए कोविड नियमों का पालन सख्ती से कराया जाए। लेकिन अब अधिकारी सिर्फ वैक्सीनेशन पर फोकस कर रहे हैं और नियमों का पालन कराने के लिए बाजारों में कोई टीम नहीं पहुंच रही। हर दुकान के सामने गोले बनाए जाने थे ताकि लोगों के बीच दो गज की दूरी रखी जा सके। अनलॉक होने के साथ ही दो-तीन दिन तक इसका पालन मुख्य बाजारों में जरूर हुआ। उसके बाद न तो प्रशासनिक एवं पुलिस की टीमें बाजारों में निरीक्षण करने पहुंची और न दुकानदार व ग्राहकों ने गोले के नियमों का पालन किया। जबकि इन दिनों शादियों का सीजन होने के कारण बाजारों में सबसे ज्यादा भीड़-भाड़ हो रही है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478